Vishnu Mohan is a film director, writer and producer. He started his career directing commercial ads and came to limelight by directing a patriotic short film featuring actor Mohanlal based on the 2017 Uri attack. His debut movie as a director 'Meppadiyan' (2022) was commercially successful and critically acclaimed, winning many accolades and awards. He also served as jury at the 68th National Film Awards.

उन्नी मुकुंदन फ़िल्म्स प्रा. लि (Unni Mukundan Films Pvt Ltd)

उन्नीकृष्णन मुकुंदन नायर, मलयालम सिनेमा के अभिनेता, निर्माता, गायक, गीतकार और सामाजिक मुद्दों पर मुखर रहने के लिए जाने जाते हैं। इन्होंने 17 अगस्त 2020 को एक फ़िल्म निर्माण कंपनी **उन्नी मुकुंदन फ़िल्म्स** लॉन्च की। इसका उद्देश्य कहानी कहने की बेहतरीन कला के साथ सर्वोत्तम तकनीक का संयोजन करके प्रेरणादायक और दृश्यात्मक रूप से असाधारण सिनेमाई अनुभव लाना है।

Unnikrishnan Mukundan Nair, an Indian actor, producer, singer, lyricist and social issues responder predominantly in Malayalam cinema launched **Unni Mukundan Films**, a film production company on 17th August 2020. Its vision is to bring inspiring and visually extravagant cinematic experiences by combining the best of technology with the fine art of storytelling to leverage the best talents available.

प्रशस्ति – एक युवा अच्छा करने की चाहत में लालच और ताकत के जाल में फंस जाता है।

Citation - A young man intends to do good but in the process gets entangled in a web of greed and power.

आर आर आर
मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म

RRR

Best Popular Film Providing Wholesome Entertainment

स्वर्ण कमल | SWARNA KAMAL ₹ 2,00,000/-

Telugu | 187 Min | Director: Srisaila Sri Rajamouli | **Production Company:** DVV Entertainments LLP
DOP: KK Senthil Kumar | **Music:** M. M. Keeravaani | **Editor:** A Sreekar Prasad | **Screenplay:** SS Rajamouli
Stunt Choreographer: King Solomon | **Sound Design:** Raghunath Kemisetty | **Costume Designer:** Rama Rajamouli
Cast: Ramcharan, Jr NTR, Alia Bhatt, Ajay Devgn, Shriya Saran, Twinkle Sharma, Samuthirakani

कथासार - 1920 के दशक में ब्रिटिश राज के दौरान, एक अत्याचारी प्रशासक स्कॉट बक्सटन और उसकी पत्नी कैथरीन गोंड जनजाति की एक प्रतिभाशाली कलाकार युवा लड़की मल्ली को जबरदस्ती अपने साथ ले जाते हैं। इससे क्रोधित होकर, जनजाति के संरक्षक कोमाराम भीम छिपते, छिपाते,उसे बचाने के लिए दिल्ली पहुंचता हैं। कैथरीन इससे निपटने के लिए भारतीय इंपीरियल पुलिस के एक महत्वाकांक्षी अधिकारी ए. रामा राजू की सहायता लेती है। और इस तरह एक एक्शन से भरपूर ऐतिहासिक–काल्पनिक ड्रामा शुरू होता है जहां अंत में दोनों अंग्रेजों से लड़ने के लिए एक साथ आते हैं।

Synopsis - Set in the 1920s during the British Raj, a tyrannical administrator Scott Buxton and his wife Catherine forcefully abduct Malli, a young girl with artistic talents from the Gond tribe. Enraged, the tribe's guardian Komaram Bheem embarks to Delhi to rescue her under a guise. Catherine enlists the assistance of A. Rama Raju, an ambitious officer in the Indian Imperial Police to tackle it. And thus starts an action-packed historical-fiction drama where finally they both come together to fight the British.

परिचय | PROFILE

एस एस राजमौली (S S Rajamouli)

एस एस राजमौली राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक है, जिनका नाम भारतीय सिनेमा के कुछ बेहतरीन फ़िल्मकारों में शुमार है। इन्होंने 12 फ़िल्मों का निर्देशन किया है जिसमें ब्लॉकबस्टर फ़िल्म जैसे बाहुबली, ईगा, मगधीरा, आरआरआर जैसी कई फ़िल्में शामिल हैं।

S S Rajamouli is a national award winner and amongst the most accomplished filmmakers in Indian cinema. He has directed 12 films, including blockbusters like 'Baahubali', 'Eega', 'Magadheera', 'RRR' and more

डी वी वी इंटरटेनमेंट (DVV Entertainments)

डी वी वी इंटरटेनमेंट एक प्रोडक्शन हाउस है जिसने अब तक 22 फ़िल्मों का निर्माण किया है जिसमें नायक (2013), 'निन्नु कोरी' (2017), और 'आरआरआर' (2022) जैसी ब्लॉकबस्टर फ़िल्में शामिल हैं।

DVV Entertainments is an Indian film production house producing Telugu movies. They have produced many films till date, giving blockbusters like 'Ninnu Kori' (2017) and 'RRR' (2012)

प्रशस्ति – भारत के औपनिवेशिक शासन के खिलाफ संघर्ष की महाकाव्य गाथा, जिसे आधुनिक किंवदंती के रूप में वर्णित किया गया है।

Citation - An epic saga of India's struggle against colonial rule, narrated as a modern legend.

दि कश्मीर फाइल्स

राष्ट्रीय एकता पर सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार

The Kashmir Files

Nargis Dutt Award for Best Feature Film on National Integration



स्वर्ण कमल | SWARNA KAMAL ₹ 2,50,000/-

Hindi | **170 Min** | **Director:** Vivek Ranjan Agnihotri | **Production Company:** Zee Entertainment Enterprises Limited, I Am Buddha Production, Abhishek Agarwal Arts | **DOP:** Uday Singh Mohite | **Music:** Rohit Sharma | **Editor:** Shankh Rajadhyaksha (Mayureshkar Marudkar) | **Screenplay:** Vivek Ranjan Agnihotri | **Sound Design:** Girish Ramteke **Costume Designer:** Khatri Irfan | **Cast:** Anupam Kher, Pallavi Joshi, Darshan Kumar, Chinmay Mandlekar, Bhasha Sumbli, Prithviraj Sarnaik

कथासार - कृष्णा पंडित एक युवा रिफ्यूजी कश्मीरी पंडित है, जो अपने दादा पुष्करनाथ पंडित के साथ रहता है। पुष्करनाथ 1990 में हुए कश्मीरी पंडितों के नरसंहार का गवाह है। पुष्करनाथ कश्मीर से बच निकलते हैं और ताउम्र अनुच्छेद 370 के रद्द किए जाने को लेकर संघर्ष करते हैं। इन बातों से अंजान कृष्णा यह जानता है कि उसके माता–पिता की मौत कश्मीर में एक दुर्घटना में हुई थी। एएनयू के छात्र के रूप में अपनी प्रोफेसर राधिका मेनन से प्रभावित होकर, वह नरसंहार का खंडन करता है और आजाद कश्मीर की लड़ाई लड़ता है। उसे सच्चाई का पता तब चलता है जब उसके दादा जी की मौत हो जाती है। यह फिल्म नरसंहार से पीड़ित पहली पीढ़ी के वीडियो साक्षात्कार से प्रेरित है।

Synopsis - Krishna Pandit is a young Kashmiri Pandit refugee living with his grandfather Pushkarnath Pandit who witnessed the 1990 genocide of Kashmiri Pandits. Pushkarnath had to flee from Kashmir and fought for the revocation of Article 370 all his life. Unaware, Krishna believes his parents died in an accident in Kashmir. As a student of ANU, under the influence of his mentor Professor Radhika Menon, he refutes the genocide and fights for Azad Kashmir, discovering the truth only after his grandfather's death. The film is inspired by video interviews of first generation victims of the genocide.

परिचय | PROFILE

विवेक रंजन अग्निहोत्री (Vivek Ranjan Agnihotri)

विवेक रंजन अग्निहोत्री एक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फ़िल्म निर्माता, बेस्ट सेलर पुस्तक के लेखक, बुद्धिजीवी और 'बुद्धा इन ए ट्रैफिक जाम' (2014), 'द ताशकंद फाइल्स' (2019) और 'द कश्मीर फाइल्स' (2022) जैसी फ़िल्मों के निर्माता हैं।

Vivek Ranjan Agnihotri is a national award winning filmmaker, best-selling author and a public intellectual with films like 'Buddha in a Traffic Jam' (2014), 'The Tashkent Files' (2019) and 'The Kashmir Files' (2022).

ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेट–जी स्टूडियो

(ZEE Entertainment Enterprises Limited | ZEE Studios)

ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज (जेडईईएल) एक भारतीय मीडिया समूह है। जी स्टूडियोज इसकी एक अग्रणी भारतीय मनोरंजन कंपनी है जो फ़िल्म, स्ट्रीमिंग, कंटेंट डेवलपमेंट, प्रोडक्शन के साथ–साथ फिल्म मार्केटिंग और वितरण में महारथ रखती है।

Zee Entertainment Enterprises (ZEEL) is an Indian media conglomerate. Its content engine, Zee Studios is a leading Indian entertainment company specialising in film, streaming, content development, production, as well as film marketing and distribution.

आई एम बुद्धा प्रोडक्शन की स्थापना विवेक रंजन अग्निहोत्री और पल्लवी जोशी ने की है।

I am Buddha Production Co-founded by Vivek Ranjan Agnihotri and Pallavi Joshi.

अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स एक प्रोडक्शन कंपनी है जिसकी सीपना अभिषेक अग्रवाल ने की है, जो फ़िल्मों को लेकर जुनूनी हैं।

Abhishek Agarwal Arts is a production company founded by Abhishek Agarwal, passionate about cinema.

प्रशस्ति – एक फ़िल्म जो देश की एकता के बारे में सामाजिक रूप से प्रासंगिक विषय से जुड़ी हुई है।

Citation - A film that deals with a socially relevant subject about the integration of the country.

अनुनाद–द रेज़ोनेंस
सामाजिक मुद्दों पर सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म
Anunaad- The Resonance | Best Film on Social Issues



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 1,50,000/-

Assamese | **97 Mins** | **Director:** Reema Borah | **Production Company:** Assam State Film (Finance and Development) Corporation Ltd. | **DOP:** Siddharth Mitragotri, Sandeep Patil | **Music:** Siddhant Sagar | **Editor:** Rantu Chetia **Screenplay:** Reema Borah | **Sound Design:** Boby John | **Costume Designer:** Reema Borah | **Cast:** Urmila Mahanta, Udayan Duarah

कथासार – यह फिल्म जान नामक लड़की की कहानी बयान करती है जिसे मानव तस्करी के जरिए असम से हरियाणा लाया जाता है। फिल्म, भारत के कुछ हिस्सों में कुख्यात दुल्हन दासता के झकझोरने वाले विषय की बात करती है, जहां विषम लिंगानुपात के कारण विवाह योग्य पुरुषों के लिए पर्याप्त महिलाएं नहीं हैं। तस्करी की गई लड़कियां जो खरीदी हुई दुल्हन होती हैं, उन्हें 'पारो' या 'मोल्कि' के नाम से जाना जाता है, और वे लगातार अपमान और हिंसा का शिकार होती हैं। अक्सर परिवार के सभी पुरुष सदस्यों द्वारा उनके साथ बलात्कार किया जाता है और उन्हें बंधुआ मजदूरों की तरह रखा जाता है ।

Synopsis - The film is about Jaan, a girl who is trafficked from Assam to Haryana. It emphasizes the soul tearing topic of bridal slavery practiced in some parts of India where there are not enough women for marriageble men due to a skewed sex ratio. Girls trafficked as purchased brides are known as 'Paro' or 'Molki', and live with constant humiliation and violence. They are often raped by all male members in the family and are treated as bonded laboures.

परिचय | PROFILE

रीमा बोरा (Reema Borah)

रीमा बोरा असम की एक पुरस्कार विजेता निर्देशक और पटकथा लेखक हैं। अकादमिक परियोजनाओं के हिस्से के रूप में इनकी लघु फिल्में विश्व स्तर पर फिल्म समारोहों में प्रदर्शित की गई हैं और उन्होंने कई पुरस्कार जीते हैं, जिसमें 'इकोज ऑफ साइलेंस' (2007) के लिए राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार भी शामिल है। इनकी पहली फ़िल्म 'बोकुल' (2015) को पांच राज्य फ़िल्म पुरस्कारों सहित कई फ़िल्म समारोहों में प्रशंसा मिली। अनुनाद उनकी तीसरी फ़ीचर फ़िल्म है।

Reema Borah is an award winning film director and scriptwriter from Assam, India. A performing artist earlier who studied theatre and film direction, her short films as part of academic projects have been screened at film festivals globally and have won many awards, including a National Film Award for 'Echoes of Silence' (2007). Her debut film 'Bokul' (2015) received accolades at several film festivals, including five State Film Awards. Anunaad is her third feature film.

दि असाम स्टेट फिल्म (वित्त एवं विकास) निगम लि.

(The Assam State Film (Finance and Development) Corporation Ltd.)

असम राज्य फ़िल्म (वित्त और विकास) निगम लिमिटेड की स्थापना 4 सितंबर 1974 को असमिया सिनेमा के विकास और प्रचार के लिए की गई थी। तब से, एएसएफएफडीसी ने 'निशिद्ध नोडी', 'बंधोन', 'राग', 'पानी', 'श्रृंगखाल', 'टीआरपी अरु', 'डिकचो बनत पलाक्स', 'सात नम्बोरोर संधानोट', 'सोनार बरन' पाखीश, 'तुमी अहिबाने', 'मोक्तांग', 'अनुनाद' समेत जैसी कई अन्य कई फ़िल्मों का निर्माण किया है।

The Assam State Film (Finance and Development) Corporation Ltd. was established on 4th September 1974 for the development and promotion of Assamese cinema. Since then, ASFFDC has produced several films like 'Nishiddha Nodi', 'Baandhon', 'Raag', 'Pani', 'Sringkhal', 'TRP Aru', 'Dikchow Banat Palaax', 'Saat Namboror Sandhanot', 'Sonar Baran Pakhi', 'Tumi Ahibaane', 'Moktang', 'Anunaad', amongst several others.

प्रशस्ति – मानव तस्करी जैसे ज्वलंत मुद्दे और इससे समाज में पैदा होने वाले तनाव पर फ़िल्म।

Citation - A film on the burning issue of human trafficking and the stress it creates in society.

आवासव्यूहम्

पर्यावरण संरक्षण | परिरक्षण पर सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म

Aavasavyuham

Best Film on Environment Conservation | Preservation



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 1,50,000/-

Malayalam | **116 Min** | **Director:** Krishand R K | **Production Company:** Krishand Films | **DOP:** Vishnu Prabhakar **Music:** Ajmal Hasbulla | **Editor:** Rakesh Cherumadam | **Screenplay:** Krishand R K | **Sound Design:** Prasanth P Menon | **Costume Designer:** Syama Bindu | **Cast:** Rahul Rajagopal, Geethi Sangeetha, Zhins Shan, Nileen Sandra, Sreenath Babu

कथासार – सामाजिक ऊंच नीच का भेदभाव, लिजी और जॉय के प्यार को नहीं स्वीकारते हैं, और वे दोनों भागने को मजबूर हो जाते हैं। अब जॉय के हत्या के मामले में संदिग्ध है, और पुलिस के हाथों से भाग निकलता है, जिसके बाद उसका असल चेहरा सामने आता है। कोचि के छोटे से द्वीप पुथुवाइप के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें प्रवासी पक्षी, मछुआरे और पेट्रोलियम कंपनी से होने वाले खतरे जॉय के बदलाव में बड़ी भूमिका निभाते हैं। सिस्टम, विज्ञान और धर्म मिलकर जॉय के भविष्य को तय करते हैं, और इस तरह हम फ़िल्म में अपने इर्द गिर्द मौजूद अदृश्य और नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र के गवाह बनते हैं।

Synopsis - The local social hierarchy doesn't approve of Lissy and Joy's love and they have to elope. Now a murder suspect, Joy is hunted down by the police, escaping only to reveal his true nature. The fragile ecosystem of 'Puthuyvype', a small island in Kochi with the exotic migration of birds, the fisherman and the impending danger of a new petroleum company have contributed to Joy's metamorphosis. System, science and religion merge to make sense of his fate as we discover the invisible and fragile ecosystem that surrounds us all.

परिचय | PROFILE

कृशांत आर के (Krishand R K)

कृष्णानंद आर.के. पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता और आईआईटी बॉम्बे में सहायक एसोसिएट प्रोफेसर भी हैं। उनकी पहली फ़िल्म 'वृथाकृत्यिलुल्ला चतुरम' (2019) ने सर्वश्रेष्ठ बैकग्राउंड संगीत के लिए केरल राज्य पुरस्कार जीता। उनकी दूसरी फ़िल्म 'अवसाव्यूहम' (2021) ने सर्वश्रेष्ठ मलयालम फ़िल्म के लिए NETPAC पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ पटकथा और सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म के लिए केरल राज्य पुरस्कार सहित कई पुरस्कार और सराहनाएं बटोरी। उनकी वेब सीरीज 'क्रय विकार प्रक्रिया' (2022) ने एशिया वेब अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार जीता।

Krishand R.K. is an award winning filmmaker and also an Adjunct Associate Professor at IIT Bombay. His debut film 'Vrithakrithyilulla Chathuram' (2019) won the Kerala State Award for Best Background Music. His second film 'Aavasavyuham' (2021) won many awards and accolades including the NETPAC Award for Best Malayalam Film and the Kerala State Award for Best Screenplay and Best film. His web series 'Kraya Vikraya Prakriya' (2022) won the Best Dramedy at the Asia Web Awards.

कृशांत फ़िल्म्स (Krishand Films)

कृशांत फ़िल्म्स, केरल की एक फ़िल्म प्रोडक्शन कंपनी है जिसकी स्थापना 2013 में हुई थी। इन्होंनें शहरीकरण, मानवीय रिश्तों और मानवीय स्थिति की पेचीदगियों पर काल्पनिक और गैर–काल्पनिक फ़िल्में, और कई लघु फ़िल्में और वृत्तचित्र बनाए हैं। इनकी फ़िल्में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म समारोहों में प्रदर्शित की गई हैं।

Krishand Films, a film production company based out of Kerala was founded in 2013. It has created fiction and non-fiction films on urbanisation, human relationships and intricacies of the human condition, and has made several short films and documentaries. Its films have been screened at various international film festivals.

प्रशस्ति – पर्यावरण पर इंसानों के असर, इसके पारिस्थितिकी संतुलन को बिगाड़ने और इसके परिणामों के बारे में एक समसामयिक कथा।

Citation - A contemporary fable about human impact on the environment, disturbing its ecological balance and its repercussions.

गांधी एंड कम्पनी

सर्वश्रेष्ठ बाल फ़िल्म

Gandhi & Co.
Best Children's Film

स्वर्ण कमल | SWARNA KAMAL ₹ 1,50,000/-

Gujarati | **101 Min** | **Director:** Manish Saini | **Production Company:** MD Media Corp | **DOP:** Swathy Deepak **Music:** Kedar and Bhargav | **Editor:** Manish Saini | **Screenplay:** Manish Saini | **Sound Design:** Nirukt Dave **Costume Designer:** Pauravi Joshi | **Cast:** Reyaan Shah, Darshan Jariwala, Hemang Shah, Hiranya Zinzuwadia

कथासार – 11साल के मिंटू और मित्रा, अपनी शरारतों और बुजुर्ग व्यक्ति भरत भाई के साथ अपनी खास दोस्ती के लिए जाने जाते हैं। जहां वे दोनों चालाक और बेईमान हैं, वहीं बुजुर्ग व्यक्ति महात्मा गांधी की शिक्षाओं को मानने वाले हैं। एक अप्रत्याशित घटना मिंटू को, जो सुपरहीरो जांगो का प्रशंसक है, महात्मा गांधी को अपना आदर्श घोषित करने के लिए प्रेरित करती है। वह गांधी के हाव–भाव की नकल करना तो शुरू कर देता है लेकिन गांधी के मूल्यों से उसका दूर दूर तक का नाता नहीं रहता है। इस वजह से वह मुश्किल में पड़ जाता है । अब भरत भाई इन अनैतिक लड़कों को ईमानदारी और सद्भाव का एक मूल्यवान सबक सिखाने का बीड़ा उठाते हैं।

Synopsis - Mintoo and Mitra are 11-year old boys known for their collective potential towards mischief and their legendary friendship with old man, Bharat Bhai. They are clever but unscrupulous and the old man is an embodiment of Mahatma Gandhi's teachings. An unexpected happening corners Mintoo who is a Superhero Jango fan into proclaiming Mahatma Gandhi as his role model. He starts mimicking Gandhi's behavior but is nowhere close to imbibing Gandhi's values. This pushes him into troubled waters. So Bharat Bhai takes it upon himself to teach these unprincipled boys a valuable lesson in honesty and harmony.

परिचय | PROFILE

मनीष सैनी (Manish Saini)

मनीष सैनी एक पुरस्कार विजेता फ़िल्म निर्देशक, पटकथा लेखक, संपादक और निर्माता हैं। उनकी पहली फ़ीचर फ़िल्म 'धह' (2015) को ना सिर्फ समीक्षकों ने सराहा बल्कि इसका विभिन्न प्रतिष्ठित फ़िल्म समारोहो में प्रदर्शन हुआ इसने राष्ट्रीय पुरस्कार (2018) जीता। गुजराती में उनकी दूसरी फ़िल्म 'गांधी एंड कंपनी' (2020) दुनिया भर के फिल्म समारोहों में प्रशंसा बटोर रही है, जिसमें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार (2023) भी शामिल है और उनकी लघु फ़िल्म 'गिद्ध' (2023) इस साल अकादमी पुरस्कारों की प्रतिस्पर्धा में है।

Manish Saini is an award winning film director, scriptwriter, editor and producer. His first feature film 'Dhh' (2015) gained critical acclaim, travelled to various prestigious film festivals and went on to win a National Award (2018). His second film 'Gandhi and Co.' (2020) in Gujarati is garnering accolades at film festivals worldwide, including a National Film Award (2023) and his short film 'Giddh' (2023) has qualified to compete at Academy Awards this year.

एम डी मीडिया कॉर्प (MD Media Corp)

एम डी मीडिया कॉर्प महेश दानन्नवर द्वारा स्थापित एक स्वतंत्र फ़िल्म प्रोडक्शन हाउस है और यह विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं, मुख्य रूप से गुजराती में सिनेमा निर्माण के लिए जाना जाता है। इनके प्रोडक्शन 'शू थायु' (2018) ने गुजराती सिनेमा में बॉक्स–ऑफिस पर इतिहास रचा और तीन गुजरात राज्य पुरस्कार जीते। इनके नवीनतम प्रोडक्शन गांधी एंड कंपनी को 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म के पुरस्कार से नवाज़ा गया है।

MD Media Corp is an independent film production house founded by Mahesh Danannavar and is well known for producing cinematic works in various regional languages, predominantly in Gujarati. Its production 'Shu Thayu?!' (2018) went on to create box-office history in Gujarati cinema and won three Gujarat State Awards. Gandhi & Co. its latest production is the winner of the Best Children's Film at the 69th National Film Awards.

प्रशस्ति – युवा पीढ़ी में सर्वोत्तम नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने का प्रयास करते हुए समकालीन समाज में बदलते मूल्यों के बारे में एक फ़िल्म।

Citation - A film about changing values in contemporary society while attempting to imbibe the best ethical values in the younger generation.

अनुर (आइज़ ऑन द सनशाइन)
सर्वश्रेष्ठ असमिया फ़िल्म

Anur (Eyes on the Sunshine)
Best Assamese Film

रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 1,00,000/-

Assamese | **162 Min** | **Director:** Monjul Baruah | **Production Company: Producer:** Dr. Gopendra Mohan Das **DOP:** Sumon Dowerah | **Music:** Tarali Sarma | **Editor:** Twenchang | **Screenplay:** Monjul Baruah | **Story:** Anuradha Sharma Pujaree | **Sound Design:** Amrit Pritam Dutta | **Costume Designer:** Garima Saikia Garg | **Cast:** Dr. Jahanara Begum, Rajat Kapoor, Boloram Das, Rajashree Sarmah, Bidya Bharati, Udayan Duara, Aakhya J Kashyap

कथासार – अपने दिवंगत पति की यादों को समटे हुए, अपने घर में अकेली रह रही एक विधवा, एक दिन अपने घर के आंगन में एक अंजान शख़्स को धूप में बैठा हुआ पाती है। पहले पहल तो वह उस घुसपैठिए से घबरा जाती है, लेकिन बाद में उसके दमघोंटू अकेलेपन में वह शख़्स एक ताजगी लेकर आता है। लेकिन कहानी बताती है कि, वह शख़्स कितना भी पढ़ा लिखा और जागरुक क्यों ना हो, क्या अपने अकेलेपन से जूझती एक विधवा औरत के लिए, जो एक मां और दादी भी है, उस तक पहुंचना आसान होगा?

Synopsis - One morning a widow, who lives alone in the house that holds memories of her late husband, finds a gentleman sunning himself on her lawn. Initially fearful of the trespasser, it becomes a welcome intrusion in her claustrophobic loneliness. But however high the education, integrity and social status of the man be, it explores if a woman who is a widow, a mother and a grandmother is allowed to reach out for him to break free from her suffocating lonely widowhood?

परिचय | PROFILE

मोंजुल बरुआ (Monjul Baruah)

मोंजुल बरुआ एक पुरस्कार विजेता असमिया फ़िल्म निर्माता हैं। उनकी फ़िल्में जैसे 'अंतरीन: क्वेस्ट ऑफ सैंक्चुअरी' (2017), 'कानीन: ए सीक्रेट सच' (2019) और 'अनुर: आइज ऑन द सनशाइन' (2023) ने कई राष्ट्रीय और राज्य पुरस्कार और सराहनाएं बटोरी। इन्होंने 'अलोन इन द कॉम्बैट जोन' और 'जेनोफोबिया' जैसी डॉक्यूमेंट्री का भी निर्देशन किया है, जिसे खूब सराहा गया। उनकी नवीनतम डॉक्यूमेंट्री, 'पोरोभट' संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता, संगीतश्री प्रभात सरमा के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने संगीत के माध्यम से असमिया लोक संस्कृति को पुनर्जीवित किया।

Monjul Baruah is an award-winning Assamese filmmaker. His films like 'Antareen: Quest of Sanctuary' (2017), 'Kaaneen: A Secret Search' (2019) and 'Anur: Eyes on the Sunshine' (2023) have won several national and state awards and accolades. He has also directed documentaries like 'Alone in the Combat Zone' and 'Xenophobia' that have garnered appreciation. His latest documentary, 'Porobhat' is on the life of Sangeet Natak Academy Award winner, Sangitshree Prabhat Sarma who revived Assamese folk culture through music.

डॉ. गोपेन्द्र मोहन दास (निर्माता) (Dr.Gopendra Mohan Das (Producer)

डॉ. गोपेंद्र मोहन दास तेजपुर, असम के एक सेवानिवृत्त डॉक्टर हैं। इन्होंने शिवम क्रिएशन के बैनर तले 'कैक्टस' (2016), 'कानीन: ए सीक्रेट सर्च' (2019) और 'अनुर: आइज ऑन द सनशाइन' (2023) जैसी चर्चित और प्रशंसित असमिया फीचर फिल्मों का निर्माण किया है।

Dr. Gopendra Mohan Das is a retired doctor from Tezpur, Assam. He has produced well recieved Assamese feature films like 'Cactus' (2016), 'Kaaneen: A Secret Search' (2019) and 'Anur: Eyes on the Sunshine' (2023) under the banner of Shivam Creation.

प्रशस्ति – एक अकेले घर में भावनाओं और यादों के थपेड़ों के साथ रह रही विधवा की कहानी जिसे प्यार हासिल होता है।

Citation - The story of a widow living alone in a house conflicted with emotions and memories finds love.

कालकोखो – हाउस ऑफ टाइम

सर्वश्रेष्ठ बांग्ला फ़िल्म

Kalkokkho - House of Time
Best Bengali Film



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 1,00,000/-

Bengali | **127 Min** | **Director:** Rajdeep Paul, Sarmistha Maiti | **Production Company:** Aurora Film Corporation Private Limited | **DOP:** Rana Pratap Karforma | **Music:** Avijit Kundu | **Editor:** Sarmistha Maiti & Rajdeep Paul **Screenplay:** Rajdeep Paul, Sarmistha Maiti | **Sound Design:** Adeep Singh Manki & Anindit Roy | **Costume Designer:** Rajdeep Paul, Sarmistha Maiti | **Cast:** Tannistha Biswas, Janardan Ghosh, Sreelekha Mukherji, Amit Saha, Ahana Karmakar

कथासार – एक संक्रामक महामारी के दौरान अपने परिवार को बचाने की जी तोड़ कोशिश में लगी एक युवा महिला एक उदासीन लेकिन कुशल डॉक्टर को बंधक बना लेती है। एक उजाड़ घर जहां पर तीन महिलाएं – एक विक्षिप्त युवा महिला, भूलने की बीमारी से पीढ़ित बूढ़ी महिला और एक अकेली युवा लड़की – रहती हैं, बंधक बनाए गए डॉक्टर को जल्द ही पता चलता है कि हालात अब उसकी समझ और हाथ से बाहर निकल चुके है, और वह उस जगह ही नहीं वक्त के जाल में भी फंस चुका है। फिल्म महामारी के डर को व्यक्त करने के लिए जादुई यथार्थवाद और अस्तित्वगत भय के मेल के साथ समय की बनावट की पड़ताल करती है।

Synopsis - An apathetic but adept doctor is taken hostage by a young woman in a desperate attempt to save her family during a contagious pandemic. Held captive in a desolate house with three women – a paranoid young woman, an amnesic old woman and a lonely young girl, the doctor soon discovers that forces beyond his comprehension are at play and that he might be trapped not only in space but also in time. The film explores the texture of time with a blend of magic realism and existential horror to express the dread of the pandemic.

परिचय | PROFILE

राजदीप पॉल और सरमिष्ठा मैती (Rajdeep Paul and Sarmistha Maiti)

राजदीप पॉल और सर्मिष्ठा मैती एक पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता–जोड़ी हैं, जिन्होंने कई वृत्तचित्र फिल्में, लघु कथा फिल्में, एनीमेशन और नई मीडिया फिल्में लिखी और निर्देशित की हैं। इनकी फिल्में जैसे 'कालकोखो' (2021), वृत्तचित्र जैसे – 'एट द क्रॉसरोड्स – नोंडन बागची लाइफ एंड लिविंग' (2013), 'मृणाल सेन – एन एरा इन सिनेमा' (2016), और जैसी लघु फिल्म जैसे –'कायंतर' (2019) 'मलाई' (2018), 'एंड द रेन्स शैल कम' (2017) और 'द वूमन...एंड द मैन' (2016) ने कई अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय मंचों पर पुरस्कार और प्रशंसाएं जीती हैं।

Rajdeep Paul and **Sarmistha Maiti** are an award-winning filmmaker-duo who have written and directed several documentary films, short fiction films, animation and new media films. Their films like 'Kalkokkho' (2021), documentaries like 'At the Crossroads – Nondon Bagchi Life and Living' (2013), 'Mrinal Sen – An Era in Cinema' (2016), and short fictions like 'Kayantar' (2019) 'Malai' (2018), 'And the Rains Shall Come' (2017) and 'The Woman...and the Man' (2016) have won several international and national awards and accolades.

औरोरा फिल्म कॉर्पोरेशन (Aurora Film Corporation Private Limited)

औरोरा फ़िल्म कॉर्पोरेशन सत्यजीत रे, ऋत्विक घटक और अन्य जैसे दिग्गज फिल्म निर्माताओं की फ़िल्मों के निर्माण और वितरण के लिए जाना जाता है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक अंजन बोस इसके प्रमुख हैं।

Aurora Film Corporation is known for producing and distributing films of legendary filmmakers such as Satyajit Ray, Ritwik Ghatak and others. It is headed by National Award-winning director Anjan Bose.

प्रशस्ति – एक संक्रामक महामारी के दौरन, एक डॉक्टर को एक महिला द्वारा बंधक बना लिया जाता है और वह खुद को वक्त और खालीपन के बीच फंसा हुआ पाता है।

Citation - During a contagious pandemic, a doctor is taken hostage by a young woman and finds himself trapped in space and time.

लास्ट फ़िल्म शो (छेल्लो शो)
सर्वश्रेष्ठ गुजराती फ़िल्म

Last Film Show (Chhello Show)
Best Gujarati Film



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 1,00,000/-

Gujarati | **112 Min** | **Director:** Pan Nalin | **Production Company:** Jugaad Motion Pictures | **DOP:** Swapnil Sonawane | **Music:** Cyril Morin | **Editor:** Pavan Bhat & Shreyas Beltangdy | Screenplay: Pan Nalin **Sound Design:** Gilles Benardeau & Mikael Barre | **Costume Designer:** Sia Seth | **Cast:** Bhavin Rabari, Richa Meena, Bhavesh Shrimati, Dipen Raval, Rahul Koli, Vikas Bata, Vijay Mer, Kishan Parmar, Shoban Malwa

कथासार – 9 साल का समय, अपने परिवार के साथ भारत के दूरदराज के गांव में रहता है, वह पहली बार जब फ़िल्म देखता है और पूरी तरह से उसी में खो जाता है। अपने पिता की इच्छा के खिलाफ, वह रोज सिनेमाघर जाकर फिल्म देखने लगता है, बल्कि प्रोजेक्टर चलाने वाले से भी दोस्ती गांठ लेता है, जो उसे मुफ्त में फ़िल्म दिखाने लगता है। वह जल्दी इस नतीजे पर पहुंचता है कि कहानियां रोशनी बनती हैं, रोशनी फ़िल्म बनाती है, और फ़िल्म सपने। समय और उसके दोस्त 35 एमएम फ़िल्म के प्रोजेक्शन को हासिल करने के लिए रोशनी को पकड़ने के लिए धरती आकाश एक कर देते हैं, लेकिन जल्दी ही उन्हें ऐसा विकल्प चुनने को मजबूर होना पड़ता है जिससे सब का दिल टूट जाता है ।

Synopsis - Samay, a 9-year-old boy living with his family in a remote village in India discovers films for the first time and is absolutely mesmerized. Against his father's wishes, he returns to the cinema hall day after day to watch more films, and even befriends the projectionist, who lets him watch movies for free. He quickly figures out that stories become light, light becomes films, and films become dreams. Samay and his friends move heaven and earth to catch and project light to achieve a 35mm film projection but soon are forced to make heartbreaking choices.

परिचय | PROFILE

पैन नलिन (Pan Nalin)

पैन नलिन (उर्फ नलिन पंड्या) एक पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता हैं, जो 'समसारा' (2001), 'वैली ऑफ फ्लावर्स' (2006), 'एंग्री इंडियन गॉडेसेस' (2015) और छैलो शो (2021) जैसी आकर्षक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। 'समसारा' दुनिया भर में एक बड़ी व्यावसायिक और आलोचनात्मक सफलता थी जिसने उन्हें तीस से अधिक अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार दिलाए। उनकी नवीनतम फ़िल्म, 'छेल्लो शो' विश्व स्तर पर आलोचकों की प्रशंसा और सराहनाएं बटोर रही है, जिसमें 69वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कारों में दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी शामिल हैं।

Pan Nalin (aka Nalin Pandya) is an award winning filmmaker known for his eclectic and visually striking films like 'Samsara' (2001), 'Valley of Flowers' (2006), 'Angry Indian Goddesses' (2015) and Chhello Show (2021). 'Samsara' was a massive commercial and critical success worldwide that won him thirty-plus international awards. His latest film, 'Chhello Show' is garnering critical acclaim and numerous accolades globally, including two National Awards at the 69th National Film Awards.

जुगाड़ मोशन पिक्चर्स (Jugaad Motion Pictures)

जुगाड़ मोशन पिक्चर्स एक पूरी तरह से एकीकृत वैश्विक मीडिया और संचार कंपनी है जो फ़िल्म, टेलीविजन, डिजिटल प्लेटफार्मों के लिए सामग्री और कहानियां तैयार करती है। मूल रूप से यह फिक्शन फ़िल्मों और संगीत वीडियो पर अपने काम के लिए जाने जाते हैं, अब यह मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर पुरस्कार विजेता सामग्री तैयार करता है। इनके कुछ उल्लेखनीय प्रोडक्शन में 'थ्री एंड अ हाफ', 'भाऊ' और 'छेल्लो शा' हैं, जिसने कई पुरस्कार और प्रशंसाएं हासिल की हैं।

Jugaad Motion Pictures is a fully integrated global media and communications company producing content and stories for film, television, digital platforms as well as immersive experiences and events. Originally known for their work on narrative fiction films and music videos, the now produces award-winning content across all platforms of media. Some of their notable productions like 'Three and a Half', 'Bhau' and 'Chhello Show' have garnered several awards and accolades.

प्रशस्ति – एक दूरदराज के गांव में रहने वाले छोटे लड़के की कहानी जो फिल्म का इस कदर शौकीन है कि वह खुद का प्रोजेक्टर बनाने का संकल्प लेता है।

Citation - The story of a young boy in a remote village passionate about films and determined to make his own projector.

सरदार उधम
सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फ़िल्म
Sardar Udham | Best Hindi Film



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 1,00,000/-

Hindi | **164 Min** | **Director:** Shoojit Sircar | **Production Company:** Rising Sun Films, Kino Works **DOP:** Avik Mukhopadhayay | **Music:** Shantanu Moitra | **Editor:** Chandrashekhar Prajapati | **Screenplay:** Suvendu Bhattacharjee & Ritesh Shah | **Sound Design:** Dipankar Jojo Chaki & Nihar Ranjan Samal | **Costume Designer:** Veera Kapur Ee | **Cast:** Vicky Kaushal, Shaun Scott, Stephen Hogan, Amol Parashar, Kirsty Averton

कथासार - जब जनरल डायर ने 13 अप्रैल 1919 को ब्रिटिश राज के खिलाफ जलियांवाला बाग में एक शांतिपूर्ण सभा में 20,000 निहत्थे लोगों पर 1650 राउंड गोलियां चलाकर खून खराबा कर दिया, तो इस घटना से 20 वर्षीय युवा उधम को गहरा आघात लगता और वह बदला लेने का संकल्प लेता है। फ़िल्म उधम सिंह की कहानी बताती है, जिन्होंने 21 साल बाद मार्च 1940 में लंदन में माइकल ओश्डायर को गोली मारकर जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लिया था। अपने मकसद के साथ अकेले ही जूझते हुए, उन्होंने खुशी–खुशी अपने प्राणों की आहुति दे दी।

Synopsis - A young 20-year-old Udham was deeply scarred and resolved revenge when General Dyer created a blood bath on 13th April 1919 by opening 1650 rounds of fire on 20,000 unarmed people at a peaceful assembly at Jallianwala Bagh against the British Raj. The film narrates the story of Udham Singh who avenged the Jallianwala Bagh massacre 21 years later by shooting Michael O'Dwyer in London, in March 1940. With a single minded pursuit, he gladly sacrificed his life.

परिचय | PROFILE

शूजित सरकार (Shoojit Sircar)

शूजीत सरकार एक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता भारतीय फ़िल्मकार,, निर्देशक और निर्माता हैं जिन्हें, यहां (2005), विक्की डोनर (2012), मद्रास कैफे (2013), पीकू (2015), अक्टूबर (2018), गुलाबो सिताबो (2020) और सरदार उधम (2021) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। इन्होंनें क्षेत्रीय फ़िल्मों का भी निर्माण किया है और इन्हें टाइम्स ऑफ इंडिया समूह के लिए कान्स पुरस्कार विजेता 'लीड इंडिया कैंपेन' जैसी पुरस्कार विजेता विज्ञापन फ़िल्मों के साथ–साथ गुजरात टूरिज्म, एयरटेल, कोका–कोला और टाटा स्काई के अभियानों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

Shoojit Sircar is a national and international award-winning Indian filmmaker, director and producer best known for his films like Yahaan (2005), Vicky Donor (2012), Madras Café (2013), Piku (2015), October (2018), Gulaboo Sitabo (2020) and Sardar Udham (2021). He has also produced regional films and is recognized internationally for award winning ad films like the Cannes award-winning 'Lead India Campaign' for the Times of India group as well as campaigns for Gujarat Tourism, Airtel, Coca-Cola and Tata Sky.

राइजिंग सन फ़िल्मस (Rising Sun Films)

फ़िल्मकार **शूजीत सरकार** और निर्माता **रोनी लाहिरी** द्वारा स्थापित राइजिंग सन फ़िल्म्स, विज्ञापन फ़िल्मों और फ़ीचर फ़िल्मों में विशेषज्ञता रखने वाला एक प्रोडक्शन हाउस है। इसने 400 से अधिक विज्ञापन फ़िल्में और कई पुरस्कार विजेता फ़ीचर फ़िल्में बनाई हैं, और मनोरंजन उद्योग में प्रशंसा अर्जित की है।

Rising Sun Films, founded by filmmaker Shoojit Sircar and producer **Ronnie Lahiri**, is a production house specialising in ad films and feature films. It has produced over 400 ad films and several award-winning feature films, earning accolades in the industry.

किनो वर्क्स एक प्रोडक्शन हाउस है जिसे सिनेमा के माध्यम से कहानी कहने का जुनून है। यह दर्शकों को प्रेरित और मनोरंजन करने वाली फिल्में बनाने और वितरित करने के लिए राइजिंग सन फिल्म्स और शील कुमार के बीच एक साझेदारी है।

Kino Works is a production house with a passion for storytelling through cinema. It is a partnership between Rising Sun Films and Sheel Kumar to create and distribute films that inspire and entertain audiences.

प्रशस्ति – सरदार उधम सिंह के जीवन से प्रेरित फ़िल्म, जो जलियावांला बाग का बदला लेने वाले स्वतंत्रता सेनानी की मार्मिक कहानी बयान करती है।

Citation - The biographical film chronicles the inspiring life of Sardar Udham Singh, a freedom fighter seeking reprisal of the Jallianwala Bagh Massacre.

777 चार्ली
सर्वश्रेष्ठ कन्नड़ फ़िल्म

777 Charlie
Best Kannada Film



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 1,00,000/-

Kannada | **166 Min** | **Director:** Kiranraj K | **Production Company:** Paramvah Studios Pvt Ltd | **DOP:** Arvind S Kashyap | **Music:** Nobin Paul | **Editor:** Pratheek Shetty | **Screenplay:** Kiranraj K | **Sound Design:** M R Rajakrishnan **Costume Designer:** Pragathi Rishab Shetty | **Cast:** Rakshit Shetty, Sangeetha Sringeri, Raj B Shetty, Bangalore Nagesh, H G Somashekhar Rao, Bobby Simha, Gopalakrishna Deshpande, Mime Ramdas, Abhijith Mahesh, Vijay V Singh, Danish Sait, Bhargavi Narayan, Harini Shreekanth, Sharvari V, Praanya P Rao, Skanda Tejas

कथासार – धर्मा अनाथ और अकेला है, जो एक फैक्ट्री में काम करता है । वह लड़ता है, सिगरेट–शराब पीता है और पूरा दिन टीवी पर चार्ली चौप्लिन को देखता रहता है, वह अपनी नकारात्मक जिंदगी में फंसा हुआ है। चार्ली नाम का एक लैब्राडोर कुत्ते का बच्चा अपने ब्रीडर के घर से भाग निकलता है, क्योंक वहां पर कुत्तों को पिंजरे में रखा जाता है और यातनाएं दी जाती हैं, चार्ली बचता हुआ धर्मा के घर पहुंच जाता है। चार्ली धर्मा के विपरीत बहुत शरारती और ऊर्जा से भरा हुआ है। धर्मा की जिंदगी में आकर चार्ली उसे जिंदगी का नया नजरिया देता है, इसके बाद आगे होता है, दोनों का एक रोमांचक सफर ।

Synopsis - Dharma is an orphan and a loner who works in a factory. He fights, smokes, drinks and watches Charlie Chaplin on television all day, and is stuck in a rut in his negative and lonely lifestyle. A labrador puppy named Charlie who escapes from the house of a breeder where many dogs are caged and tortured lands up in his colony and in his home. Charlie is naughty and energetic; a complete contrast to Dharma's character. Charlie enters Dharma's life giving him a completely new perspective towards it and what follows is a roller coaster adventure for both.

परिचय | PROFILE

किरणराज.के (Kiranraj K.)

किरणराज के. एक भारतीय फिल्म निर्देशक और वृत्तचित्र फिल्म निर्माता हैं, जो कन्नड़ सिनेमा में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 'कावला', 'कनासु', 'कबीना हाल' और 'द यक्षगान पपेट्स' जैसी लघु फ़िल्मों, वृत्तचित्रों और संगीत एल्बमों का निर्देशन किया है। इनके निर्देशन में बनी पहली फ़ीचर फ़िल्म '777 चार्ली' (2022) पूरे भारत में पांच भाषाओं में रिलीज हुई थी और इसे आलोचकों और दर्शकों दोनों से शानदार प्रशंसा मिली, साथ ही कई अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म समारोहों में भी पहचान मिली।

Kiranraj K. is an Indian film director and documentary filmmaker known for his work in Kannada cinema. He has directed short films, documentaries and music albums like 'Kaavala', 'Kanasu', 'Kabbina Haalu' and 'The Yakshagana Puppets'. His directorial debut, the feature film '777 Charlie' (2022) was released in five languages across India and received superlative accolades from both critics and audiences, as well as garnered recognition at several international film festivals.

परमवाह स्टूडियोज़ (Paramvah Studios)

परमवाह स्टूडियोज़ मूवी प्रोडक्शन हाउस है जिसकी स्थापना 2015 में प्रतिष्ठित दक्षिण भारतीय अभिनेता रक्षित शेट्टी ने की थी। जो अपने समीक्षकों द्वारा प्रशंसित और व्यावसायिक रूप से सफल फ़िल्मों के लिए जाना जाता है, जिन्होंने पुरस्कार और प्रशंसाएं जीती हैं, इसने बॉक्स ऑफिस पर 'किरिक पार्टी', 'हंबल पॉलिटिशियन नोगराज', 'काथियोंडु शूरुवागिडे', 'भीम सेना नाला महाराजा', 'सकुटुंबा समेथा' और '777 चार्ली' जैसी हिट फ़िल्में बनाई हैं।

Paramvah Studios is a movie production house founded in 2015 by the distinguished South Indian actor Rakshit Shetty. Known for its critically acclaimed and commercially successful movies that have won awards and accolades, it has produced box office hit films like 'Kirik Party', 'Humble Politician Nograj', 'Katheyondu Shuruvaagide', 'Bheema Sena Nala Maharaja', 'Sakutumba Sametha' and '777 Charlie'.

प्रशस्ति – नकारात्मक और एकाकी जिंदगी जी रहे व्यक्ति को जीवन में तब मायने मिलते हैं जब उसके जीवन में एक कुत्ते का छोटा बच्चा आता है।

Citation - A man stuck in a negative and lonely lifestyle finds meaning in life when a pup comes into his life.

समानान्तर
सर्वश्रेष्ठ मैथिली फ़िल्म

Samanantar (The Parallel)
Best Maithili Film

रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 1,00,000/-

Maithili | **103 Min** | **Director:** Niraj Kumar Mishra | **Production Company:** Anirati Films | **DOP:** Archit Mishra & Pulkit Rathi | **Music:** Abhijeet Hegde Patil | **Editor:** Afzal Shaikh | **Screenplay:** Niraj Kumar Mishra | **Sound Design:** Aroon Jyoti Sarmah | **Costume Designer:** Kundan Kumar Verma & Nitin Koul | **Cast:** Anurag Thakur, Ashok Kumar Verma, Narendra Kumar Tuntun, Shashwat Anand

कथासार – झकझोर कर रख देने वाली चार दार्शनिक और आलौकिक कहानियों का संग्रह, जिसमें प्रत्येक कहानी अपने आप में अलग होकर भी जीवन और कर्म के दार्शनिक सूत्र में बंधी हुई है। प्रत्येक कहानी किसी ना किसी सामाजिक चिंता पर बात करती है, जैसे, बेरोजगारी का मनोवैज्ञानिक प्रभाव, हद से अधिक लालच और झूठ की निरंतरता, बाल शोषण और अत्यधिक गुस्से से उपजा गैरजिम्मेदाराना रवैया। फिल्म अपने नाम के अनुसार दिखाती है कि किस तरह बुरे कर्मों के साथ अज्ञात ताकतों की एक समानान्तर दुनिया खड़ी हो जाती है।

Synopsis - A philosophical and supernatural anthology of four hard-hitting stories, each unique but all entwined with the common and universal philosophy of life and karma. Each story addresses a major social concern like - the extreme psychological impact of unemployment, insatiable greed and constant lies, child abuse, and behavioural irresponsibility as a result of extreme anger. As 'samanantar' means 'the parallel', metaphorically the film explores the concept that with bad karma, the unknown forces of the parallel realms begin to eventuate.

परिचय | PROFILE

नीरज कुमार मिश्रा (Niraj Kumar Mishra)

नीरज कुमार मिश्रा एक स्वतंत्र फिल्म निर्माता हैंय टेलीविजन, वेब श्रृंखला और फिल्मों में एक निर्देशक, पटकथा लेखक हैं। इन्होंने शीर्ष टेलीविजन चैनलों पर 25 से अधिक शो के 2000 एपिसोड किए हैं और 'गांधी: द साइलेंट गन' जैसी पुरस्कार विजेता लघु फिल्में बनाई हैं। इन्होंने फिल्म 'बागी 2' (2018) के साथ एक पटकथा लेखक के रूप में और 'समानांतर' (2021) के साथ एक निर्देशक और निर्माता के रूप में शुरुआत की, जिसने कई पुरस्कार और प्रशंसाएं हासिल की हैं।

Niraj Kumar Mishra is an independent filmmaker; a director, screenplay writer and showrunner across television, web series and films. He has done more than 25 shows canning 2000 episodes across top television channels and made award winning short films like 'Gandhi: The Silent Gun'. He debuted as a screenplay writer with the film 'Baaghi 2' (2018) and as a director and producer with 'Samanantar' (2021) that has garnered multiple awards and accolades.

अनिराति फ़िल्मस (Anirati Films)

अनिराति फ़िल्म्स एक फिल्म और टेलीविजन प्रोडक्शन हाउस है, जिसकी स्थापना फिल्म निर्माता नीरज कुमार मिश्रा ने की थी, जिसका एकमात्र उद्देश्य ऐसे प्रोजेक्ट तैयार करना था जो भारतीय दर्शकों की बदलती संवेदनशीलता को दर्शाने के मामले में मील का पत्थर साबित हों। तब से, यह कई क्लासिक टेलीविजन शो, वेब–सीरीज और फिल्मों के रचनात्मक सलाहकार रहे हैं। 'समानांतर' इनका पहला एकल प्रोडक्शन है जो वर्तमान में फिल्म फेस्टिवल सर्किट का दौरा कर पुरस्कार और प्रशंसा प्राप्त कर रहा है।

Anirati Films is a film and television production house founded by filmmaker Niraj Kumar Mishra with the sole intention of generating landmark projects that reflect the changing sensitivities of the Indian audience. Since then, it has been a creative consultant to several classic television shows, web-series and movies. 'Samanantar' is its first solo production currently touring the film festival circuit garnering awards and accolades.

प्रशस्ति – जीवन और कर्म के बारे में कहानियों का एक दार्शनिक और अलौकिक संकलन।

Citation - A philosophical and supernatural anthology of stories about life and karma.

होम
सर्वश्रेष्ठ मलयालम फ़िल्म

Home
Best Malayalam Film



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 1,00,000/-

Malayalam | **161 Min** | **Director:** Rojin Thomas | **Production Company:** Friday Film House Pvt Ltd | **DOP:** Neil D Cunha | **Music:** Rahul Subramanian | **Editor:** Prejish Prakash | **Screenplay:** Rojin Thomas | **Sound Design:** Dhanush Nayanar | **Costume Designer:** Akshaya Premnath | **Cast:** Sreenath Bhasi, Indrans, Manju Pillai

कथासार – ओलिवर ट्विस्ट एक अधेड़ उम्र का शख्स है जिसकी नई तकनीक से दोस्ती नहीं है, वह एक स्मार्टफोन के माध्यम से अपने दो बेटों के साथ एक सार्थक संबंध स्थापित करने की कड़ी कोशिश करता है। हालाँकि, जब वह बुरी तरह विफल हो जाता है, तो वह उनके साथ जुड़ने के लिए अन्य तरीकों की तलाश करने लगता है।

Synopsis - Oliver Twist is a technologically-challenged middle-aged man who tries hard to establish a meaningful connection with his two sons through a smartphone. However, when that fails miserably, he desperately looks for other ways to bond with them.

परिचय | PROFILE

रोजिन तोमस (Rojin Thomas)

रोजिन तोमस मलयालम फिल्म उद्योग के एक पुरस्कार विजेता फिल्म निर्देशक और पटकथा लेखक हैं। निर्देशक के रूप में इनकी पहली फिल्म, 'फिलिप्स एंड द मंकी पेन' (2013) ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और तीन केरल राज्य फिल्म पुरस्कार जीते। इनकी दूसरी फिल्म, 'जो एंड द बॉय' (2015) ने दो केरल राज्य फ़िल्म पुरस्कार जीते और 'होम' (2021) ने व्यापक आलोचनात्मक प्रशंसा और प्रशंसा हासिल की, जिसमें 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में दो पुरस्कार भी शामिल हैं।

Rojin Thomas is an award winning film director and scriptwriter in the Malayalam film industry. His debut film as a director, 'Philips and the Monkey Pen' (2013) captivated the audiences and won three Kerala State Film Awards. His second film, 'Jo and the Boy' (2015) won two Kerala State Film Awards and 'Home' (2021) has garnered widespread critical acclaim and accolades, including two awards at the 69th National Film Awards.

फ्राइडे फ़िल्म हाउस (Friday Film House)

फ्राइडे फ़िल्म हाउस एक फ़िल्म निर्माण कंपनी है जो 2012 में अपनी स्थापना के बाद से मलयालम फिल्म उद्योग में अच्छी फ़िल्मों की बदौलत सुर्खियां बटोरती रही है। इनके खाते में 18 फ़िल्मों की अहम संख्या है और यह नए निर्देशकों और अन्य अच्छी प्रतिभाओं की खोज और परिचय के लिए जानी जाती है। इनके सिनेमाई प्रयास को इस मुकाम पर पहुंचाने के पीछे फिल्म उद्योग के दिग्गज और दूरदर्शी विजय बाबू हैं।

Friday Film House is a film production company that has been making significant waves in the Malayalam film industry since its inception in 2012. It has delivered a remarkable tally of 18 films and is known for discovering and introducing new directors and other good talent. At the helm of its cinematic endeavour is Vijay Babu, a luminary and visionary in the film industry.

प्रशस्ति – एक अधेड़ उम्र का व्यक्ति एक स्मार्ट फोन के जरिए अपने बेटे के साथ कुछ सार्थक संबंध स्थापित करने की बहुत कोशिश करता है।

Citation - A middle aged man tries hard to establish a meaningful connection with his sons through a smart phone.

इखोगी यम
सर्वश्रेष्ठ मणिपुरी फ़िल्म

Eikhoigi Yum (Our Home)
Best Manipuri Film

रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 1,00,000/-

Manipuri | **88 Min**| **Director:** Mayanglambam Romi Meitei | **Producer:** Chingsubam Sheetal, Romi Meitei **DOP:** Ningombam Johni Meitei & Kangabam Bikram Singh | **Editor:** Ningombam Johni Meitei | **Screenplay:** Romi Meitei | **Sound Design:** Debajit Gayan | **Costume Designer:** Sangita | **Cast:** Laishram Priyojit, Ningthoujam Nganthoibi, Sorri Senjam

कथासार – चाओरेन मणिपुर में लोकताक झील की एक पृथक मछुआरा समुदाय से ताल्लुक रखता है, और स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपने विशिष्ट अस्तित्व का सबसे अच्छा उपयोग करता है। स्कूल जाने के लिए वह रोजाना जिस डोंगी का उपयोग करता है, जब उसे उसके पिता की बीमारी के कारण बेचना पड़ता है, तब भी उसका जोश कम नहीं होता है। वह अपनी तैरती हुई झोपड़ी से अपने स्कूल तक की लंबी दूरी तैरकर तय करता है। लेकिन जब सरकार चाओरेन के परिवार को अपना घर छोड़ने की मांग करते हुए एक बेदखली नोटिस जारी करती है, तो उसके सपने एक विस्थापित व्यक्ति की पीड़ा के साथ रह जाते हैं।

Synopsis - Chaoren belongs to an isolated fishing community of the Loktak Lake in Manipur, and makes the best use of his exclusive existence by excelling in school. When the canoe he uses every day to attend school has to be sold because of his father's illness, his spirit is not dampened. He beats the long distance from his floating shanty hut to his school by swimming his way through. But when the Government issues an eviction notice demanding Chaoren's family to leave their home, his dreams are left with an angst of a displaced person.

परिचय | PROFILE

रोमी मैईतेई (Romi Meitei)

रोमी मैईतेई मणिपुरी फ़िल्म जगत के एक चर्चित, पुरस्कार विजेता फ़िल्मकार, निर्देशक और गीतकार हैं। इन्होंने बॉक्स–ऑफिस पर कई हिट फ़िल्में दी हैं और विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोहों में कई प्रशंसा प्राप्त की हैं, जिनमें प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार, एफआईपीआरईएससीआई और एनईटीपीएसी पुरस्कार के साथ–साथ कई मणिपुर राज्य फ़िल्म पुरस्कार भी शामिल हैं। यह ममी थावन फाउंडेशन के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं जिसका उद्देश्य मणिपुर के कल्याण के लिए काम करना है।

Romi Meitei is an award winning filmmaker; a director and a lyricist in the Manipuri film industry. He has given several box-office hits and is a recipient of many accolades at various national and international film festivals, including the prestigious National Film Awards, FIPRESCI and NETPAC award, along with several Manipur State Film Awards. He serves as the Chairman of Mami Thawan Foundation that aims to work for the welfare of Manipur.

प्रोडक्शन कंपनी (Chingsubam Sheetal)

शीतल चिंगसुबम पेशे से एक इंजीनियर हैं और उन्हें फ़िल्म निर्माता के रूप में कहानी कहने का शौक है। इन्होंने 'योर्स फेथफुली' (2018), 'मोत्सिलाबा मिंगसे' (2020) और 'इखोगी यम' (2022) जैसी कई पुरस्कार विजेता फ़िल्मों का निर्माण किया है, और सार्थक, परिवर्तनकारी फ़िल्मों का निर्माण जारी रखने की इच्छा रखती हैं।

Chingsubam Sheetal is an engineer by profession with a passion for storytelling as a film producer. She has produced multiple award winning films like, 'Yours Faithfully' (2018), 'Motsillaba Mingse' (2020) and 'Eikhoigi Yum' (2022), and aspires to continue producing meaningful, transformative films.

प्रशस्ति – एक पृथक मछुआरा समुदाय के लडके की कहानी जो शिक्षा के लिए बेहद संघर्ष करता है।

Citation - The story of a boy from an isolated fishing community who struggles hard for an education.

एकदा काय झालं
सर्वश्रेष्ठ मराठी फ़िल्म

Ekda Kay Zala | Best Marathi Film



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 1,00,000/-

Marathi | **138 Min** | **Director:** Dr. Saleel Shrinivas Kulkarni | **Production Company:** Gajavadana & Showbox LLP, Dr. Saleel Shrinivas Kulkarni | **DOP:** Sandeep Yadav | **Music:** Soumil Shringarpure | **Editor:** Abhijeet Deshpande & Sandeep Jahagirdar | **Screenplay:** Dr. Saleel Shrinivas Kulkarni | **Costume Designer:** Sachin Lovalekar **Cast:** Sumeet Raghvan, Urmila Kanetkar Kothar, Pushkar Shrotri, Mukta Barve, Arjun Purnpatre, Mohan Aagashe, Suhas Joshi

कथासार – मराठी में जब भी किसी कहानी की शुरूआत करनी होती है तो कहा जाता है, "एकदा काय झालं" । यह फिल्म एक जुनूनी कहानीकार के बारे में हैं जिसकी जिंदगी का फलसफा यह है कि, कहानी किसी भी बात या विचार को दूसरे तक आसानी से पहुंचा सकती है, भले ही वह कितना छोटा या बड़ा हो । वह एक स्कूल चलाता है और सभी विषयों को पढ़ाने के लिए कहानी कहने के तरीके को ही अपनाता है । जब उसकी जिंदगी में एक मुश्किल मोड़ आता है और उसे अपने 8 साल के बेटे को कुछ बताना होता है, तो सभी तरीका आजमाने के बाद, अंत में वह वापस अपने फलसफे के अनुसार कहानी को ही माध्यम बनाता है ।

Synopsis - "Ekda kay zala" is a phrase often used in Marathi to start any story. It is about a passionate storyteller who believes in his philosophy that, "a story can convey any thought under the sky however big or small it is". He runs a school and applies storytelling as a form to teach all subjects. When he comes across a difficult situation in his life and has to convey it to his 8-year old son, after trying all sorts of tricks, he comes back to his own philosophy of conveying it through a story.

परिचय | PROFILE

डॉ. सलील कुलकर्णी (Dr. Saleel Shrinivas Kulkarni)

डॉ. सलील कुलकर्णी 35 फिल्मों के लिए संगीत तैयार कर चुके हैं, दो मराठी बेस्टसेलर पुस्तक 'लापावालेल्या काछा' और 'शाहान्या मानासान्ची फैक्ट्री' के लेखक और वेडिंग छा शिनेमा (2019) और एकदा काय झालं (2022) के निर्देशक भी हैं ।

Dr. Saleel Kulkarni has composed music for 35 films, authored Marathi bestsellers 'Lapavalelya Kacha' and 'Shahanya Manasanchi Factory' and directed Wedding Cha Shinema (2019) and Ekda Kay Zala (2022).

शोबॉक्स एलएलपी गजवदना प्रोडक्शंस (Gajavadana & Showbox LLP)

शोबॉक्स एलएलपी गजवदन प्रोडक्शंस और शोबॉक्स प्रोडक्शंस के बीच एक साझेदारी है। नितिन प्रकाश वैद्य हिंदी और मराठी भाषा में फ़िल्म निर्माण कर चुके है ।

Gajavadan & Showbox LLP is a partnership between Gajavadan Productions and Showbox Productions. Nitin Prakash Vaidya has produced Hindi and Marathi films.

प्रशस्ति – एक कहानीकार जो इस फलसफे को मानता है कि कहानी के जरिये कुछ भी कहा जा सकता है ।

Citation - The story of a storyteller, who believes in the philosophy that anything can be told through a story.

प्रतीक्षा
सर्वश्रेष्ठ उड़िया फ़िल्म

Pratikshya (The Wait)
Best Odia Film



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 1,00,000/-

Odia | **137 Min** | **Director:** Anupam Patnaik | **Production Company:** Amiya Patnaik Productions | **DOP:** Deepak Kumar Gharai | **Music:** Ankesh Anand & Ashish Pradhan | **Editor:** Late. Deven Mishra | **Screenplay:** Roshan Bisoi **Sound Design:** Abhishek Tripathy | **Costume Designer:** Barsha Patnaik | **Cast:** Dipanwit Dashmohapatra, Barsha Patnaik, Choudhury Jayprakash Das

कथासार – भुवनेश्वर में एक सामान्य मध्यम वर्गीय परिवार की कहानी प्रतीक्षा ,सपनों, हताशा और आकांक्षाओं की कहानी है। बेरोजगार स्नातक संजय सरकारी नौकरी पाने पर अड़ा हुआ है। जैसे ही उनके पिता सेवानिवृत्ति के करीब पहुँचे, उन्हें एक लाइलाज बीमारी का पता चलता है । वहीं परिवार पहले से ही संजय की बड़ी बहन की शादी के लिए लिए गए कर्ज के बोझ से दबा हुआ है। संजय को सरकार की अनुकंपा नियुक्ति योजने के बारे में पता चलता है जहां पिता की मौत पर परिवार के सदस्य को नौकरी मिल जाती है। कुंठित संजय अपने पिता की मौत की प्रतीक्षा करने लगता है।

Synopsis - Set in Bhubaneswar around a typical middle class family, Pratikshya is a story about dreams, desperation and aspirations. Sanjay, an unemployed graduate is adamant on finding a government job. As his father nears retirement, he is diagnosed with a terminal illness. The family is already burdened with loans taken for Sanjay's elder sister's wedding. Sanjay gets to know of a Government scheme where the job gets transferred to one's ward in case of death during tenure. A frustrated Sanjay waits for his father's death only to realise his ill mind. However, Bipin doesn't survive to see a changed Sanjay.

परिचय | PROFILE

अनुपम पटनायक (Anupam Patnaik)

अनुपम पटनायक उड़िया फ़िल्म जगत के एक फ़िल्म और टेलीविजन निर्माता और निर्देशक हैं। इन्हें फ़िल्म की कला अपने पिता, राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित निर्देशक और निर्माता, अमिया पटनायक से विरासत में मिली है। अनुपम की टेलीविजन श्रृंखला, 'हॉरर जोन', और दो लघु फ़िल्में, 'इच्छा–ए साइलेंट अर्ज' और 'स्मृति–मेमोरीज' ने ओडिशा टेलीविजन और फ़िल्म उद्योग में इनका नाम स्थापित करने में मददगार साबित हुई। सामाजिक कार्यकर्ता 'पद्मश्री तुलसी मुंडा' पर उनकी बायोपिक को दुनिया भर के कई फ़िल्म समारोहों में सराहा गया। 'प्रतीक्षया' (2022), इनकी बहुप्रशंसित पहली फिल्म है।

Anupam Patnaik is a film and television producer and director, prominently in Odia. He learnt the craft from his father, the nationally acclaimed director and producer, Amiya Patnaik. Anupam's television series, 'Horror Zone', and two short films, 'Ichha-A Silent Urge' and 'Smruti-Memories', helped establish his name in the Odisha television and film industry. His biopic on social activist 'Padmashri Tulasi Munda' received recognition at several film festivals worldwide. 'Pratikshya' (2022), is his well-received debut film.

अमिया पटनायक प्रोडक्शन्स (Amiya Patnaik Productions)

अमिया पटनायक प्रोडक्शंस ओडिशा का एक प्रसिद्ध प्रोडक्शन हाउस है जो फीचर फ़िल्में, टेलीविजन और डिजिटल सामग्री का निर्माण करता है। इसने उच्च बजट की ब्लॉकबस्टर से लेकर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फ़िल्में बनाई हैं। अनुपम पटनायक के नेतृत्व में चल रहे इस प्रोडक्शन हाउस की स्थापना उनके फ़िल्म निर्माता पिता, स्वर्गीय श्री अमिया पटनायक ने 1984 में की थी। इसका पहला प्रोडक्शन था 'हकीम बाबू', जिसने सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार जीता था और तब से इन्होंनें पीछे मुड़कर नहीं देखा है।

Amiya Patnaik Productions is a well-known production house in Odisha producing feature films, television and digital content. It has produced high budget blockbusters to national award-winning films. Led by Anupam Patnaik, the production house was founded by his filmmaker father, Late Shri Amiya Patnaik in 1984. Its first production 'Hakim Babu' won a National Award in the Best Film category and since then, there has been no looking back with numerous well-received productions.

प्रशस्ति – एक सामान्य मध्यम वर्गीय परिवार के सपनों, हताशाओं और आकांक्षाओं की कहानी ।

Citation - The story of a typical middle class family's dreams, desperations and aspirations.

कडैसी विवसायी (दि लास्ट फार्मर)

सर्वश्रेष्ठ तमिल फ़िल्म

Kadaisi Vivasayi (The Last Farmer)
Best Tamil Film



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 1,00,000/-

Tamil | **144 Min** | **Director:** M Manikandan | **Production Company:** Tribal Arts | **DOP:** M Manikandan **Music:** Santhosh Narayanan & Richard Harwey | **Editor:** B Ajith Kumar | **Screenplay:** M Manikandan **Sound Design:** Ajayan Adat & S Radhakrishnan | **Costume Designer:** M Manikandan | **Cast:** Nallandi, Vijay Sethupathi, Raichal Rebbaca

कथासार - 80 साल का मायान्दी, तमिलनाडु के दूरदराज में बसे गांव का किसान है, जो अपने पैतृक खेती, पशुओं और मुर्गी पालन से के साथ संतुष्ट जीवन जी रहा है। उस सूखाग्रस्त गांव में जहां हर कोई खेती छोड़ चुका है, कुछ रियल एस्टेट वाले उसकी जमीन हड़पना चाहते हैं लेकिन वह उसे विचलित नहीं कर पाते हैं। एक दिन उसे अपनी जमीन पर तीन मरे हुए मोर मिलते हैं, वह उनका अंतिम संस्कार करने का फैसला करता है। लेकिन एक पुलिसवाला उस पर राष्ट्रीय पक्षी को दफ्नाने का आरोप लगाता है, और उसे अदालत में पेश करता है। हालांकि न्यायधीश को उसकी बेगुनाही पर यकीन है लेकिन फिर भी वह उसे सजा देने के लिए मजबूर है।

Synopsis - Maayandi, an octogenarian farmer in a remote village in Tamil Nadu, leads a content life tending to his ancestral farmland, cattle, and poultry. In his drought-ridden village where everyone else has given up farming, he is undaunted by real-estate developers trying to usurp his land. One day he finds three dead peacocks on his property and decides to bury them. A policeman soon charges him for the offence of burying the national bird, and produces him before court. Though convinced of his innocence, the magistrate is duty-bound to sentence him to prison time.

परिचय | PROFILE

एम.मणिकनंदन (M. Manikandan)

एम. मणिकंदन एक पुरस्कार विजेता फ़िल्म निर्माता, निर्देशक, पटकथा लेखक, छायाकार और फोटोग्राफर हैं। इनकी लघु फिल्म 'विंड' (2010) को बहुत प्रशंसा मिली थी। इनकी पहली तमिल फीचर फ़िल्म 'काका मुत्तई' ने सराहना के साथ साथ दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी प्राप्त किए, इसके बाद इनकी फिल्म 'कुट्टरामे थंडानई' और 'आन्डवन कट्टलाई' (2016) ने ना सिर्फ समीक्षकों का दिल जीती बल्कि बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त स हिट रहीं। इनकी नवीनतम फिल्म, कडैसी विवसायी (2022) 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में समीक्षकों द्वारा प्रशंसित और पुरस्कृत फिल्म है।

M. Manikandan is an award winning filmmaker, director, screenplay writer, cinematographer and photographer. His short film `Wind` (2010) gained acclaim. His debut Tamil feature film `Kaaka Muttai' won many accolades, including two National Film Awards, followed by `Kuttrame Thandanai' and `Aandavan Kattalai' (2016) that were box office hits with rave reviews. His latest film, `Kadaisi Vivasayi' (2022) is a critically acclaimed film winning at the 69th National Film Awards.

ट्राइबल आर्टस (Tribal Arts)

ट्राइबल आर्ट्स फिल्म निर्माता एम. मणिकंदन द्वारा स्थापित एक प्रोडक्शन कंपनी है। इसने कुट्टरामे 'थंडानै', 'अंदावन कट्टलाई' और कदैसी विवासयी जैसी फिल्मों का निर्माण किया है। इस बैनर के तले बनी फिल्म, 'कडैसी विवसायी' ने सर्वश्रेष्ठ तमिल फीचर फिल्म के लिए प्रतिष्ठित 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता।

Tribal Arts is a production company established by filmmaker, M. Manikandan. It has produced his movies like `Kuttrame Thandanai', 'Andavan Kattalai' and Kadaisi Vivasayi. Its production, 'Kadaisi Vivasayi' won at the prestigious 69th National Film Awards for Best Tamil Feature Film.

प्रशस्ति – एक ऐसा सूखाग्रस्त गांव जहां हर कोई किसानी छोड़ चुका है, लेकिन एक किसान ओरगेनिक खेती पर भरोसा रखे हुए है ।

Citation - A farmer living in a drought ridden village where everybody has given up on farming, but who continues to believe in organic farming.

उप्पेना (वेव)
सर्वश्रेष्ठ तेलुगू फ़िल्म

Uppena (Wave) | Best Telugu Film



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 1,00,000/-

Telugu | **147 Min** | **Director:** Buchi Babu Sana | **Production Company:** Mythri Movie Makers | **DOP:** Shamdat Sainudeen | **Music:** Devi Sri Prasad | **Editor:** Navin Nooli | **Screenplay:** Buchibabu Sana | **Sound Design:** Raghunath K | **Costume Designer:** Prasanna Dantuluri, Ranjitha Guvvala, Ajay Kumar J, Suma Tripurana | **Cast:** Panja Vaisshnav Tej, Krithi Shetty, Vijay Sethupathi, Sai Chand, Naga Mahesh, Gayatri Jayaraman

कथासार – उप्पाडा में मछली पकड़ने वाले समुदाय के एक युवक को उसी गाँव की एक उच्च वर्ग की अमीर लड़की से प्यार हो जाता है। जब लड़की के पिता को उनके प्यार के बारे में पता चलता है, तो वह समुदाय को धमकाता है। युगल भाग तो जाते हैं, लेकिन अपने बीच की सामाजिक, राजनीतिक, वित्तीय और धार्मिक मतभेदों की खाई को पार करने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता है। फिल्म इस बात की पड़ताल करती है कि कैसे वे इन मतभेदों को मिटाकर अभी भी प्यार करते हैं और साथ रहते हैं।

Synopsis - A young man from a fishing community in Uppada falls in love with an upper class girl from the richer part of the same village. When the girl's father gets to know about their love, he threatens the whole fishing community. Undettered, the couple elopes but ends up struggling a lot as they cope with social, political, financial and religious differences between them. The film explores how they nagivate these differences to still love and stay together.

परिचय | PROFILE

बुची बाबु सना (Buchi Babu Sana)

बुची बाबू सना तेलुगु फिल्म जगत के पुरस्कार विजेता फ़िल्मकार, निर्देशक और पटकथा लेखक हैं। इन्हें स्थानीय कहानियों को सार्वभौमिक भावनाओं के साथ सहजता से मिश्रित करने, क्षेत्रीय कथाओं को वैश्विक स्तर पर ले जाने की उनकी क्षमता के लिए जाना जाता है। इनके निर्देशन में बनी पहली फ़िल्म, 'उप्पेना' (2021) प्रशंसा और पुरस्कार बटोर रही है, जिसमें प्रतिष्ठित 69वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फ़ीचर फ़िल्म का पुरस्कार भी शामिल है।

Buchi Babu Sana is an award winning filmmaker, director and scriptwriter in the Telugu film industry. He is known for his ability to seamlessly blend local stories with universal emotions, elevating regional narratives to a global stage. His directorial debut film, 'Uppena' (2021) is garnering accolades and awards, including the Best Telugu Feature Film Award at the prestigious 69th National Film Awards.

मैत्री मूवी मेकर्स (Mythri Movie Makers)

मैत्री मूवी मेकर्स एक प्रोडक्शन हाउस है, जिसकी स्थापना एक एनआरआई व्यवसायी नवीन येरनेनी ने की थी। 2013 में अपनी स्थापना के बाद से, इसने उत्कृष्टता के प्रति अपने अटूट समर्पण के साथ मनोरंजन उद्योग में एक प्रभावशाली पहचान हासिल की है। बहुत कम समय में, इसने 19 फिल्में बनाई और रिलीज कीं, जिन्होंने कुल मिलाकर काफी अच्छा प्रदर्शन किया, जिनमें से छह ब्लॉकबस्टर हिट रहीं।

Mythri Movie Makers is a production house founded by Naveen Yerneni, an NRI businessman. Since its inception in 2013, it has amassed an impressive recognition in the entertainment industry with its unwavering dedication to excellence. In a short span of time, it has produced and released 19 movies which have done fairly well overall, with six being blockbuster hits.

प्रशस्ति – एक युवा मछुआरे और एक उच्च वर्ग की अमीर लड़की की प्रेम कहानी,जो प्यार, कठोर हकीकत और अहसासों को दर्शाती है।

Citation - A love story between a young fisherman and an upper class rich girl, depicting love, harsh realities and realisations.

बूम्बा राइड
सर्वश्रेष्ठ मिशिंग फ़िल्म

Boomba Ride | Best Mishing Film

रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 1,00,000/-

Mishing Language | **78 Min** | **Director:** Biswajit Bora | **Production Company:** Quarter Moon Productions, ML Entertainment | **DOP:** Jiten Bodo, Atul Sargiyari | **Music:** Nayan Mani Barman | **Editor:** Biswajit Bora **Screenplay:** Biswajit Bora | **Sound Design:** Jyoti Chetia | **Costume Designer:** Lopamudra Gogoi Bora **Cast:** Indrajeet Pegu, Sadagar Daw, Hiranya Kumar Pegu

कथासार – ब्रहम्पुत्र नदी का किनारा असम में रहने वाली कई जनजातियों की जीवन रेखा है। यह फिल्म एक प्राथमिक शाला की कहानी बयान करती है, जहां के शिक्षक स्कूल को चलते रहने देना चाहते हैं, जबकि वहां पर केवल एक ही छात्र है, बूम्बा। लेकिन जब स्थितियां अपेक्षा के अनुरूप नहीं होती है और स्कूल मिटने की कगार पर आ जाता है, बोम्बा अपनी बुद्धिमानी से ना सिर्फ स्कूल को बचाता है बल्कि लोगों को यह अहसास भी कराता है कि शिक्षा समाज के लिए क्या कर सकती है।

Synopsis - The banks of the Brahmaputra River are the lifeline of many tribes in Assam. The film is about a lower primary school where the main struggle of the teachers is to keep the school alive as it has only one student, named Boomba. But when things do not go as expected and the school is on the verge of collapse, Boomba with his upright wisdom saves his school and makes everyone realise what education can do to a society.

परिचय | PROFILE

बिस्वजीत बोरा (Biswajit Bora)

बिस्वजीत बोरा एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार विजेता भारतीय फिल्मकार निर्माता, संपादक और लेखक हैं। इन्होंने 'बह्निमन' (2016), 'फेहुजाली: द डॉन' (2017), 'रक्तबीज' (2018) और 'गॉड ऑन द बालकनी' (2020) जैसी व्यावसायिक रूप से हिट और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्में बनाई हैं, जिन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार पुरस्कार जीते हैं और सरहानाएं बटोरी हैं। उनकी नवीनतम फिल्म, 'बूम्बा राइड' (2021) 75वें कान्स फिल्म फेस्टिवल (2022) में स्क्रीनिंग के लिए चुनी गई छह भारतीय फिल्मों में से एक थी।

Biswajit Bora is an Internationally acclaimed award winning Indian filmmaker, producer, editor and writer. He has made commercially hit as well as critically acclaimed films like 'Bahniman' (2016), 'Phehujali: The Dawn' (2017), 'Raktabeez' (2018) and 'God on the Balcony' (2020) that have won several national and international awards and accolades. His latest film, 'Boomba Ride' (2021) was among the six Indian films selected for screening at the 75th Cannes Film Festival (2022).

क्वाटरमून प्रोडक्शंस (Quartermoon Productions))

क्वाटरमून प्रोडक्शंस 2007 में फिल्म निर्माता बिस्वजीत बोरा द्वारा स्थापित एक प्रोडक्शन हाउस है। इसने अब तक चार फीचर फिल्मों का निर्माण और सह–निर्माण किया है, जिनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित 'बूम्बा राइड', 'ए थाउजेंड फायरफ्लाइज स्पार्कल', 'फेहुजली' और 'लखीमी' शामिल हैं।

Quartermoon Productions is a production house founded by filmmaker Biswajeet Bora in 2007. It has produced and co-produced four feature films till now, including the internationally acclaimed 'Boomba Ride', 'A Thousand Fireflies Sparkle', 'Phehujali' and 'Lakhimi'.

एमएल एंटरटेनमेंट एक प्रोडक्शन हाउस है जिसकी स्थापना 2007 में एक असमिया व्यवसायी लुइट कुमार बर्मन ने की थी। इसने ब्लॉकबस्टर संगीत वीडियो, 'दैट टॉय' जैसी लघु फिल्में और 'अनुराधा' और 'बूम्बा राइड' जैसी असमिया फिल्में बनाई हैं।

ML Entertainment is a production house founded in 2007 by Luit Kumar Barman, an Assamese businessman. It has produced blockbuster music videos, short films like 'That Toy' and Assamese movies like 'Anuradha' and 'Boomba Ride'.

प्रशस्ति – एक ऐसे स्कूल की कहानी जिसमें केवल एक छात्र है और उसका यह अहसास कि शिक्षा समाज के लिए क्या कर सकती है ।

Citation - The story of a school consisting of only one student and his realisation of what education can do to a society.

शेरशाह
निर्णायक मंडल का विशेष पुरस्कार

Shershaah | Special Jury Award



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 2,00,000/-

Hindi | **137 Min** | **Director:** Vishnu Varadhan | **Production Company:** Dharma Productions Pvt Ltd, Kaash Entertainment Pvt Ltd | **DOP:** Kamaljeet Negi | **Editor:** A. Sreekar Prasad | **Screenplay:** Sandeep Shrivastava **Dialogue:** Sandeep Shrivastava | **Production Design:** Amit Ray & Subrata Chakraborty | **Sound Design:** Sohel Sanwari | **Costume Designer:** Eka Lakhani | **Cast:** Sidharth Malhotra, Kiara Advani, Shiv Pandit, Sahil Vaid

कथासार - शेरशाह, परमवीर चक्र पुरस्कार से सम्मानित कैप्टन विक्रम बत्रा की कहानी बयान करती हैय एक बहादुर भारतीय सैनिक जिसे युद्ध के दौरान वीरता के विशिष्ट कार्य प्रदर्शित करने के लिए भारत के सर्वोच्च सैन्य अलंकरण से सम्मानित किया गया। कैप्टन बत्रा जिन्होंने अपनी अदम्य भावना और अदम्य साहस से पाकिस्तानी सैनिकों को भारतीय क्षेत्र से बाहर खदेड़ दिया, जिसका 1999 में कारगिल युद्ध जीतने में बहुत बड़ा योगदान था। फिल्म एक मध्यमवर्गीय लड़के की भारतीय सेना में सैनिक बनने की महत्वाकांक्षा और बलिदान के उस सफर को दिखाती है जो किसी को देशभक्ति का सही अर्थ सिखाता है।

Synopsis - Shershaah narrates the story about a Param Vir Chakra Awardee, Capt. Vikram Batra; a brave Indian soldier honoured with India's highest military decoration for displaying distinguished acts of valour during wartime. Capt. Batra who with his indomitable spirit and unflinching courage chased Pakistani soldiers out of Indian territory, which was an immense contribution in finally winning the Kargil War in 1999. A middle-class boy's ambition to become a soldier in the Indian Army and the sacrifices he had to make along the way displaying fine lessons that teach one the true meaning of patriotism.

परिचय | PROFILE

विष्णु वरधन (Vishnu Varadhan)

विष्णु वर्धन तमिल फिल्म उद्योग में निर्देशक, निर्माता और पटकथा लेखक हैं, जो अपनी बेहद सफल फिल्मों जैसे 'अरिंटुम अरियामलम', 'पट्टियाल', 'पंजा' और 'अररंबम' के लिए जाने जाते हैं। 'शेरशाह' हिंदी सिनेमा में इनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म थी।

Vishnu Varadhan is an Indian film director, producer and screenwriter in the Tamil film industry, known for his highly successful films like, 'Arintuum Ariyamalum', 'Pattiyal', 'Panjaa' and 'Arrambam'. 'Shershaah' was his directorial debut in Hindi cinema.

धर्मा प्रोडक्शन्स (Dharma Productions Profile)

धर्मा प्रोडक्शंस भारत के शीर्ष फिल्म प्रोडक्शन हाउस में से एक है, जिसका नेतृत्व फिल्म निर्माता करण जौहर करते हैं। इसने 35 से अधिक फिल्मों का निर्माण किया जिसमें ब्लॉकबस्टर और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फ़िल्मों की एक लंबी सूची शामिल है।

Dharma Productions is one of India's top film production houses, led by filmmaker Karan Johar. It produced more than 35 films which includes a series of blockbusters and critically acclaimed films.

काश एंटरटेन्मेंट (Kaash Entertainment Pvt Ltd)

काश एंटरटेनमेंट फ़िल्म और वेब सीरीज प्रोडक्शन हाउस है, जिसकी स्थापना 2013 में शब्बीर बॉक्सवाला, अजय शाह और हिमांशु गांधी ने की थी। जिनकी फ़िल्में, प्यार की भव्यता, जिंदगी, जीवन और कहानियों का उत्सव मनाती हैं।

Kaash Entertainment is a film and web series production house founded in 2013 by Shabbir Boxwala, Ajay Shah and Himanshu Gandhi that celebrates the grandeur of love, life and stories.

प्रशस्ति – एक नौजवान सैनिक की कहानी जो देश की एकता की खातिर सीमा पर अपना जीवन कुर्बान कर देता है ।

Citation - The story of a young soldier on the border who sacrifices his life for the integrity of the Nation.

गोदावरी (दि होली रिवर)

सर्वश्रेष्ठ निर्देशन

Godavari (The Holy River)
Best Direction

स्वर्ण कमल | SWARNA KAMAL ₹ 2,50,000/-

Marathi | **117 Min** | **Director:** Nikhil Mahajan | **Production Company:** Blue Drop Films Pvt Ltd | **DOP:** Shamin Kulkarni | **Music:** AV Prafullachandra | **Editor:** Hrishikesh Petwe | **Screenplay:** Nikhil Mahajan, Prajakt Deshmukh **Dialogue:** Prajakt Deshmukh | **Cast:** Jitendra Joshi, Gauri Nalawade, Neena Kulkarni, Priyadarshan Jadhav, Vikram Gokhle, Sanjay Mone, Saniya Bhandare, Mohit Takalkar

निखिल महाजन सिडनी के इंटरनेशनल फिल्म स्कूल से शिक्षा प्राप्त हैं. वह दो फीचर फिल्म 'पुणे 52' और 'बाजी' बना चुके हैं और एक जॉम्बी हॉरर श्रंखला नेटफ्लिक्स के लिए निर्देशित कर चुके हैं।

Nikhil Mahajan, a graduate from Sydney's International Film School, has made two feature films, 'Pune 52' and 'Baji', and directed a zombie horror series for Netflix.

प्रशस्ति – जीवन के प्रवाह, और परंपरा व आधुनिकता के बीच संघर्ष को लेकर एक संवेदनशील कहानी।

Citation - A sensitive tale about the flow of life and the conflict between tradition and modernity.

पुष्पा (दि राइस पार्ट 1)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

Pushpa (The Rise Part 1)
Best Actor



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Telugu | **180 Min** | **Director:** Bandreddi Sukumar | **Production Company:** Mythri Movie Makers | **DOP:** Kuba Miroslaw Brozek | **Music:** Devi Sri Prasad | **Editor:** Karthika Srinivas and Antony L Ruben | **Screenplay:** B Sukumar | **Dialogue:** B Sukumar & Srikanth Vissa | **Cast:** Allu Arjun, Rashmika Mandanna, Jagadeesh Prathap Bandari, Fahadh Fazil, Ajay Ghosh, Sunil, Dhananjay, Anasuya Bharadwaj, Kalpalatha, Dhruvan

अल्लू अर्जुन एक प्रतिष्ठित और पुरस्कार विजेता भारतीय अभिनेता हैं। इनकी प्रसिद्धि का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इनकी तेलुगु फ़िल्म 'आर्या', 'रेस गुर्रम', 'सर्रेनोडु', 'अला वैकुंठपुरमुलु' और 'पुष्पा' कई भाषाओं में डब की गई है, और भारत ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी इनकी फिल्में हिट हैं। पर्दे पर इनकी करिश्माई प्रस्तुति, इनके नाचने का हुनर, विविधताओं से भरे इनके किरदार जिसके जरिये एक्शन हीरो से लेकर रोमांटिक और कॉमेडी किरदार यह इतनी सहजता से निभाते हैं, जैसे बहता पानी।

Allu Arjun is an iconic and award winning Indian actor. Known for his work in Telugu cinema, his popularity is across Indian and international markets with his blockbuster hits like 'Arya', 'Race Gurram', 'Sarrainodu,' 'Ala Vaikunthapurramuloo' and 'Pushpa' dubbed in several languages. His magnetic on-screen presence, electrifying dancing skills, remarkable versatility in portraying roles where he seamlessly transitions between various genres from action to romance to comedy, have gained him critical and commercial recognition.

प्रशस्ति – संपूर्व भ्रष्ट व्यवस्था को चुनौती देने वाले उपेक्षित व्यक्ति के शानदार करिश्माई प्रदर्शन के लिए।

Citation - An intense charismatic performance of an underdog challenging an entire corrupt system.

गंगुबाई काठियावाड़ी

सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (साझा)

Gangubai Kathiawadi
Best Actress

रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Hindi | **157 Min** | **Director:** Sanjay Leela Bhansali | **Production Company:** Bhansali Productions Pvt Ltd DOP: Sudeep Chatterjee | **Music:** Sanchit Balhara & Ankit Balhara | **Editor:** Sanjay Leela Bhansali | **Screenplay:** Sanjay Leela Bhansali & Utkarshini Vashishtha | **Dialogue:** Utkarshini Vashishtha & Prakash Kapadia | **Sound Design:** Sanal George | **Cast:** Alia Bhatt, Ajay Devgn, Seema Pahwa, Indira Tiwari, Jim Sarbh, Shantanu Maheshwari

आलिया भट्ट, एक ऐसी अभिनेत्री को अपने हर काम के साथ उत्कृष्टता के सोपान पर चढ़ती नजर आती हैं। उनके निभाए कई किरदारों में जो गहराई और गंभीरता नजर आती है, वह उनकी बहुमुखी प्रतिभा और अभिनय की बारीकी को दिखाता है। इनकी पुरस्कार विजेता प्रदर्शनों में 'हाईवे', 'उड़ता पंजाब', 'राजी', 'डियर जिंदगी', 'गली बॉय' और 'गंगूबाई काठियावाड़ी' शामिल हैं। एक निर्माता के रूप में, इनकी पहली फ़िल्म, 'डार्लिंग्स', दुनिया भर में नेटफ्लिक्स पर दूसरी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली गैर–अंग्रेजी फ़िल्म है। इनकी आलोचनात्मक प्रशंसा और बॉक्स ऑफिस प्यार के बीच का अनूठा संतुलन काबिल ए तारीफ है।

Alia Bhatt, an iconic actor has pursued excellence in everything she has pursued. She has brought depth and gravitas to a host of characters that demonstrated her versatility and panache. Her award-winning performances include 'Highway', 'Udta Punjab', 'Raazi', 'Dear Zindagi', 'Gully Boy' and 'Gangubai Kathiawadi'. As a producer, her first film, 'Darlings', became the second most watched non-English content on Netflix worldwide. She has managed a rare balance between critical acclaim and box office love.

प्रशस्ति – देह व्यापार में फंसी एक मासूम लड़की का बहुमुखी प्रदर्शन जो आगे चलकर महिलाओं की आवाज बनती है।

Citation - A versatile performance of an innocent girl trapped in the flesh trade who rises up to become the voice of the women.

मिमी
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (साझा)
Mimi | Best Actress



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Hindi | **133 Min** | **Director:** Laxman Utekar | **Production Company:** Maddock Films Pvt Ltd | **DOP:** Akash Agrawal Music: A R Rahman | **Editor:** Manish Pradhan | **Screenplay:** Laxman Utekar & Rohan Shankar | **Dialogue:** Rohan Shankar | **Production Design:** Subrata Chakraborty & Amit Ray | **Sound Design:** Baylon Fonseca | **Costume Designer:** Sheetal Sharma | **Cast:** Kriti Sanon, Pankaj Tripathi, Sai Tamhankar

एक महत्वाकांक्षी इंजीनियरिंग छात्रा से एक प्रशंसित अभिनेत्री और निर्माता तक **कृति सैनन** की यात्रा उनके अटूट दृढ़ संकल्प और असाधारण प्रतिभा का प्रमाण है। अपनी पहली फिल्म 'हीरोपंती' से लेकर, उन्होंने 'बरेली की बर्फी', 'लुका छुपी', 'भेड़िया' जैसी फिल्मों में अभिनय कौशल प्रदर्शित किया है और विशेष रूप से 'मिमी' में मुख्य भूमिका निभाई है, जिसके लिए उन्हें प्रशंसा और पुरस्कार मिले हैं। जिसमें प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार भी शामिल है, जिसने एक कुशल कलाकार के रूप में उनके कद को मजबूत किया।

Kriti Sanon's odyssey from an aspiring engineering student to a lauded actress and producer stands as a testament to her unwavering determination and exceptional talent. From her debut film 'Heropanti,' she has displayed acting acumen in films like 'Bareilly Ki Barfi', 'Luka Chuppi', 'Bhediya', and notably with the lead role in 'Mimi', which has garnered her with accolades and awards, including the esteemed National Award, solidifying her stature as an adept artist.

प्रशस्ति – सामाजिक प्रतिक्रिया और आंतरिक संघर्षों से जूझती एक सरोगेट मां की कहानी का संवेदनशील प्रदर्शन।

Citation - A sensitive performance of the story of a surrogate mother, facing social backlash and personal internal conflicts.

मिमी
सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेता
Mimi | Best Supporting Actor



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Hindi | **133 Min** | **Director:** Laxman Utekar | **Production Company:** Maddock Films Pvt Ltd | **DOP:** Akash Agrawal Music: A R Rahman | **Editor:** Manish Pradhan | **Screenplay:** Laxman Utekar & Rohan Shankar | **Dialogue:** Rohan Shankar | **Production Design:** Subrata Chakraborty & Amit Ray | **Sound Design:** Baylon Fonseca **Costume Designer:** Sheetal Sharma | **Cast:** Kriti Sanon, Pankaj Tripathi, Sai Tamhankar

पंकज त्रिपाठी एक प्रशंसित और पुरस्कार विजेता अभिनेता हैं जो अपनी बहुमुखी और उल्लेखनीय प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं। इन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर', 'फुकरे', 'न्यूटन' और 'स्त्री' जैसी कई फ़िल्मों में गंभीर और नाटकीय से लेकर हास्य तक विभिन्न प्रकार के किरदारों को संजीदगी से निभा कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है और पहचान हासिल की है । इन्हें 65वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में 'न्यूटन' में अपने प्रदर्शन के लिए विशेष उल्लेख प्राप्त हो चुका है।

Pankaj Tripathi is an acclaimed and award winning actor known for his versatility and remarkable talent. He has gained immense recognition for his ability to portray a wide range of characters, from intense and dramatic to comedic and endearing in several critically acclaimed films like 'Gangs of Wasseypur', 'Fukrey', 'Newton' and 'Stree', amongst others. A recipient of many accolades, he earned a special mention for his performance in 'Newton' at the 65th National Film Awards.

प्रशस्ति – एक छोटे शहर के तेजतर्रार किरदार का इंसानी जुड़ाव, संबंधो, हमदर्दी और गरिमा की तलाश यात्रा।

Citation - A small town street smart character's journey in search of human bonding, empathy and dignity.

दि कश्मीर फाइल्स
सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेत्री

The Kashmir Files
Best Supporting Actress



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Hindi | **170 Min** | **Director:** Vivek Ranjan Agnihotri | **Production Company:** Zee Entertainment Enterprises Limited, Iambuddha Production, Abhishek Agarwal Arts | **DOP:** Udhay Singh Mohite | **Music:** Rohit Sharma | **Editor:** Shankh Rajadhyaksha (Mayureshkar Marudkar) | **Screenplay:** Vivek Ranjan Agnihotri | **Cast:** Anupam Kher, Pallavi Joshi, Darshan Kumar, Chinmay Mandlekar, Bhasha Sumbli, Prithviraj Sarnaik

पल्लवी जोशी एक प्रसिद्ध राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता टेलीविजन और फ़िल्म अभिनेत्री हैं। इन्होंने 50 से अधिक फ़िल्मों और 100 से अधिक टेलीविजन धारावाहिकों में अभिनय किया है। इन्हें 'मृगनयनी', 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया', 'तलाश', 'बुनियाद', 'अल्पविराम' और 'अंताक्षरी' जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों में उनके शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। इन्हें 'सूरज का सातवां घोड़ा', 'मेकिंग ऑफ द महात्मा', द ताशकंद फाइल्स' और 'द कश्मीर फाइल्स' जैसी फ़िल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए आलोचनात्मक प्रशंसा और सराहना मिली।

Pallavi Joshi is a renowned national award winning television and film actor. She has acted in more than 50 films and over 100 television serials. She has been recognised for her stellar performances in popular serials like 'Mrignayani, 'Discovery of India', 'Talash', 'Buniyad', 'Alpaviraam' and 'Antakshari'. She gained critical acclaim and accolades for her roles in films like 'Suraj ka Satwaan Ghoda', 'Making of The Mahatma', The Tashkent Files' and 'The Kashmir Files'.

प्रशस्ति – एक महिला का सशक्त प्रदर्शन जो दृढ़ता से अपनी मान्यताओं का बचाव करती है और उसके पक्ष में खड़ी होती है।
Citation - A powerful performance of a woman who strongly defends and takes a stand for her beliefs.

लास्ट फिल्म शो (छेल्लो शो)
सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार

Last Film Show (Chhello Show)
Best Child Artist

रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Gujarati | **112 Min** | **Director:** Pan Nalin | **Production Company:** Jugaad Motion Pictures | **DOP:** Swapnil Sonawane | **Music:** Cyril Morin | **Editor:** Pavan Bhat & Shreyas Beltangdy | **Screenplay:** Pan Nalin | **Sound Design:** Gilles Benardeau & Mikael Barre | **Costume Designer:** Sia Seth | **Cast:** Bhavin Rabari, Richa Meena, Bhavesh Shrimati, Dipen Raval, Rahul Koli, Vikas Bata, Vijay Mer, Kishan Parmar, Shoban Malwa

नांगेश भाविन आलाभाई, उर्फ भाविन रबारी, 9 वर्ष के एक बाल अभिनेता हैं, जो रबारी आदिवासी समुदाय से हैं और गुजरात के वसई के एक दूरदराज के गांव में रहते हैं। वह अपने गांव के स्कूल में पढ़ते हैं और चाय की दुकान पर चाय बेचने में अपने दादा की मदद भी करते हैं। वह शायद ही कभी फ़िल्में देखने जाते हैं क्योंकि सिनेमा हॉल उनके गांव से बहुत दूर हैं।

Nangesh Bhavin Aalabhai, aka Bhavin Rabari, aged 9 is a child actor who belongs to the Rabari tribal community and lives in a remote village of Vasai in Gujarat. He studies at his village school and also helps out his grandfather to sell tea at his tea-stall. Proud of his Rabari and Kathiawadi heritage, he rarely goes to see movies as cinema halls are very far from his village.

प्रशस्ति – एक छोटे से शहर के लड़के का सिनेमा के प्रति लगाव और अपने ख्वाबों को साकार करने के लिए उसके दुसाहसिक प्रयास।
Citation - A small town boy's fascination for cinema and his adventurous attempts to realise his dreams.

आर आर आर

सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक

RRR

Best Male Playback Singer



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Telugu | **186.54 Min** | **Director:** Srisaila Sri Rajamouli | **Production Company:** DVV Entertainments LLP | **DOP:** KK Senthil Kumar | **Music:** M. M. Keeravaani | **Editor:** A Sreekar Prasad | **Screenplay:** SS Rajamouli | **Sound Design:** Raghunath Kemisetty | **Costume Designer:** Rama Rajamouli | **Cast:** Ramcharan, Jr NTR, Alia Bhatt, Ajay Devgn, Shriya Saran, Twinkle Sharma, Samuthirakani

कला भैरवा तेलुगु फ़िल्म उद्योग के एक प्रसिद्ध और पुरस्कार विजेता संगीत निर्देशक और पार्श्व गायक हैं। 'मथु वधालारा', 'कलर फोटा' और 'कार्तिकेय –2' जैसी फ़िल्मों के लिए उनके गाने और मूल बैकग्राउंड स्कोर लोगों की जबान पर चढ़ गए थे। पार्शव गायक के रूप में उनके लोकप्रिय गीतों में 'धंदालय्या', 'थोलिप्रेमा', 'पेनिविटी', 'समारा शंखम', 'स्पिरिट ऑफ जर्सी', 'येतु पोन', 'येडेथु मैलेले', 'थारागाथी गाधी', 'अरेरे आकाशम' शामिल हैं। इन सब के अलावा 'कोमुराम भीमुडो' और सबसे चर्चित और प्रशंसित 'नाटु नाटु'।

Kaala Bhairava is a renowned and award winning music director and playback singer in the Telugu film industry. His songs and original background scores for films like 'Mathu Vadhalara', 'Colour Photo' and 'Karthikeya-2' were trending hits. Popular songs by him as a playback singer include 'Dhandaalayya', 'Tholiprema', 'Peniviti', 'Samara Shankham', 'Spirit of Jersey', 'Yetu Pone', 'Yedetthu Mallele', 'Tharagathi gadhi', 'ArereAakasham' 'Komuram Bheemudo' and the most acclaimed 'Naatu Naatu', amongst others.

प्रशस्ति – स्वतंत्रता की भावना से ओतप्रोत एक भावपूर्ण गीत की प्रस्तुति।

Citation - A soulful rendition of a song about the spirit of freedom.

इरविन निज़ल (शैडो आफ दि नाइट)
सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका

Iravin Nizhal (Shadow of the Night)
Best Female Playback Singer



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Tamil | **100 Min** | **Director:** Radhakrishnan Parthiban | **Production Company:** Akira Productions Pvt Ltd **DOP:** Arthur A Wilson | **Music:** A R Rahman | **Screenplay:** Radhakrishnan Parthiban | **Dialogue:** Radhakrishnan Parthiban | **Production Design:** R K Vijai Murugan | **Sound Design:** Kunal Ranjan | **Cast:** Radhakrishnan Parthiban, Brigida Saga, Robo Shankar, Varalaxmi Sarathkumar, Baby Prathiksha Shankar

श्रेया घोषाल एक प्रसिद्ध पुरस्कार विजेता पार्श्व गायिका हैं जो अपनी भावपूर्ण आवाज और अद्वितीय प्रस्तुतियों के लिए जानी जाती हैं। कई भाषाओं और क्षेत्रों के कई साउंडट्रैक में इनकी सुरीली आवाज इन्हें भारतीय फ़िल्म जगत की सबसे बहुमुखी गायिका होने का गौरव प्रदान करती है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतिष्ठित प्रशंसाओं और पुरस्कारों की प्राप्तकर्ता श्रेया ने 20 भाषाओं में 3000 से अधिक गाने रिकॉर्ड किए हैं, और प्रतिष्ठित संगीतकारों के साथ मिलकर 300 से अधिक फ़िल्मों के लिए गाया है।

Shreya Ghosal is a renowned award winning playback singer known for her soulful voice and inimitable renditions. Her melodious voice is a distinct feature in many soundtracks, across many languages and regions, giving her the distinction of being the most versatile singer of all times. A recipient of several prestigious accolades and awards nationally and internationally, she has recorded over 3000 songs in 20 languages, and sung for over 300 films collaborating with iconic music composers.

प्रशस्ति – प्यार और चाहत के जादू के बारे में एक मधुर अभिव्यक्ति।

Citation - A melodious expression about the magic of love and longing.

सरदार उधम

सर्वश्रेष्ठ छायांकन

Sardar Udham
Best Cinematography



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Hindi | **164 Min** | **Director:** Shoojit Sircar | **Production Company:** Kino Works LLP & Rising Sun Films Pvt. Ltd. | **DOP:** Avik Mukhopadhayay | **Music:** Shantanu Moitra | **Editor:** Chandrashekhar Prajapati | **Screenplay:** Suvendu Bhattacharjee & Ritesh Shah | **Sound Design:** Dipankar Jojo Chaki & Nihar Ranjan Samal | **Costume Designer:** Veera Kapur Ee | **Cast:** Vicky Kaushal, Shaun Scott, Stephen Hogan, Amol Parashar, Kirsty Averton

भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) के पूर्व छात्र **अविक मुखोपाध्याय** एक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता छायाकार हैं।इन्होंने मृणाल सेन, अपर्णा सेन, रितुपर्णा घोष, शाद अली, शोभित सरकार, सुजॉय घोष, अनिरुद्ध रॉय चौधरी, मधुजा मुखर्जी, शूजीत सरकार जैसे प्रसिद्ध निर्देशकों के साथ काम किया है। इन्हें फ़िल्म 'पातालघर' (2003), 'भालो थेको' (2004), 'अंतहीन' (2009) और 'सरदार उधम' (2021) के लिए चार बार सर्वश्रेष्ठ छायाकार के लिए राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार प्राप्त हो चुका है ।

Avik Mukhopadhayay is a national award winning cinematographer. A Film and Television Institute of India (FTII) alumni, he has collaborated with eminent directors like Mrinal Sen, Aparna Sen, Rituparna Ghosh, Shaad Ali, Shobhit Sarkar, Sujay Ghosh, Anirudha Roy Chowdhury, Madhuja Mukherjee, Shoojit Sircar, amongst others. He is a recipient of the National Film Award for Best Cinematography four times, notably for the films 'Patalghar' (2003), 'Bhalo Theko' (2004), 'Antaheen' (2009) and 'Sardar Udham' (2021).

प्रशस्ति – अतंर्राष्ट्रीय स्तर पर एक एतिहासिक घटनाक्रम पर शानदार दृश्य प्रस्तुति, जहां लाइट और छाया के जरिये पर्दे पर जादू उकेरा गया।

Citation - A spectacular visual presentation of a historical epic drama on an international scale, creating magic with light and shadows.

नायाट्टु
सर्वश्रेष्ठ पटकथा (मौलिक)
Nayattu
Best Screenplay Writer (Original)



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Malayalam | **123 Min** | **Director:** Martin Prakkat | **Production Company:** Gold Coin Motion Picture Company | **DOP:** Shyju Khalid | **Music:** Vishnu Vijay | **Editor:** Mahesh Narayanan & Rajesh Rajendran | **Screenplay:** Shahi Kabir | **Dialogue:** Shahi Kabir | **Production Design:** Dileep Nath | **Sound Design:** Ajayan Adat | **Cast:** Joju George, Kunchacko Boban, Nimisha Sajayan, Yama Gilgamesh, Anil Nedumangad, Jaffer Idukki

शाही कबीर मलयालम फ़िल्म उद्योग में एक पुरस्कार विजेता भारतीय फ़िल्म निर्देशक और पटकथा लेखक हैं। पटकथा लेखक के रूप में इनके उत्कृष्ट योगदान में 'जोसेफ' (2018) और 'नायट्टू' (2021) जैसी फिल्में शामिल हैं, दोनों को इनकी असाधारण कहानी के लिए आलोचकों की प्रशंसा मिली। 'नायट्टू' के लिए इन्होंने 69वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ पटकथा का पुरस्कार जीता। इनके निर्देशन की पहली फ़िल्म, 'एला वीजा पूनचिरा' ने उन्हें निर्देशक की पहली सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म के लिए 53वां केरल राज्य फ़िल्म पुरस्कार दिलाया।

Shahi Kabir is an award winning Indian film director and scriptwriter in the Malayalam film industry. His outstanding contributions as a scriptwriter include films like 'Joseph' (2018) and 'Nayattu' (2021), both of which received critical acclaim for their exceptional storytelling. For 'Nayattu', he won the Best Screenplay Award at the 69th National Film Awards. His directorial debut, 'Ela Veezha Poonchira,' earned him the 53rd Kerala State Film Award for Best Debut Director.

प्रशस्ति – पटकथा किरदारो की भूमिकाओं के हेरफेर के चौंका देने वाले तानों बानों से बुनी हुई है, जहां शिकारी खुद शिकार बन जाता है।
Citation - The script weaves a web of a surprising tale of reversal of roles, where the hunters become the hunted.

गंगुबाई काठियावाड़ी
सर्वश्रेष्ठ पटकथा लेखन
(रूपांतरित)
Gangubai Kathiawadi
Best Screenplay Writer (Adapted)



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Hindi | **157 Min** | **Director:** Sanjay Leela Bhansali | **Production Company:** Bhansali Productions Pvt Ltd
DOP: Sudeep Chatterjee | **Music:** Sanchit Balhara & Ankit Balhara | **Editor:** Sanjay Leela Bhansali
Screenplay: Sanjay Leela Bhansali & Utkarshini Vashishtha | **Dialogue:** Utkarshini Vashishtha & Prakash Kapadia |
Cast: Alia Bhatt, Ajay Devgn, Seema Pahwa, Indira Tiwari, Jim Sarbh, Shantanu Maheshwari

संजय लीला भंसाली एक विख्यात फ़िल्मकार, पटकथा लेखक, संगीतकार, संपादक और निर्माता हैं। उनकी फ़िल्में एक पैंटिंग की तरह होती हैं। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए उन्हें पांच बार राष्ट्रीय पुरस्कार और पद्म श्री (2015) सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। **Sanjay Leela Bhansali** is a renowned Indian filmmaker, screenwriter, music composer, editor and producer. He has been conferred with numerous awards including, the prestigious National Award five times and the Padma Shri (2015).

उत्कर्षिणी वशिष्ठ भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फ़िल्मों और टेलीविजन के लिए एक भारतीय पटकथा लेखक हैं। बायोपिक्स और ऐतिहासिक कहानियों जैसी वास्तविक जीवन की कहानियों में उन्हें विशेष रुचि है। इन्होंने 'सरबजीत', 'रामलीला' और अब 'गंगूबाई काठियावाड़ी' जैसी फिल्मों में काम किया है। **Utkarshini Vashishtha** is an Indian screenwriter for films and television in India and internationally. Real life stories like biopics and historicals are special to her. She has worked on films like 'Sarabjit', 'Ramleela' and now 'Gangubai Kathiawadi'.

प्रशस्ति – छोटे शहर की एक मासूम लड़की जो माफिया बनती है, और आगे चलकर दबी कुचली महिलाओं की आवाज बनती है, उसके वास्तविक जीवन पर आधारित विचारोत्तेजक रूपांतरण।

Citation - An evocative book adaptation based on a real life character's journey from a small town innocent girl into a mafia queen.

गंगुबाई काठियावाड़ी

सर्वश्रेष्ठ पटकथा (संवाद)

Gangubai Kathiawadi
Best Screenplay (Dialogue)



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Hindi | **157 Min** | **Director:** Sanjay Leela Bhansali | **Production Company:** Bhansali Productions Pvt Ltd **DOP:** Sudeep Chatterjee | **Music:** Sanchit Balhara & Ankit Balhara | **Editor:** Sanjay Leela Bhansali | **Screenplay:** Sanjay Leela Bhansali & Utkarshini Vashishtha | **Dialogue:** Utkarshini Vashishtha & Prakash Kapadia | **Cast:** Alia Bhatt, Ajay Devgn, Seema Pahwa, Indira Tiwari, Jim Sarbh, Shantanu Maheshwari

उत्कर्षिणी वशिष्ठ भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फ़िल्मों और टेलीविजन के लिए एक भारतीय पटकथा लेखक हैं। बायोपिक्स और ऐतिहासिक कहानियों जैसी वास्तविक जीवन की कहानियों में उन्हें विशेष रुचि है। इन्होंने 'सरबजीत', 'रामलीला' और अब 'गंगूबाई काठियावाड़ी' जैसी फ़िल्मों में काम किया है।

Utkarshini Vashishtha is an Indian screenwriter for films and television in India and internationally. Real life stories like biopics and historicals are special to her. She has worked on films like 'Sarabjit', 'Ramleela' and now 'Gangubai Kathiawadi'.

प्रकाश कापड़िया फ़िल्मों और रंगमंच के एक पुरस्कार विजेता पटकथा लेखक हैं। इन्होंने 'देवदास' (2002), 'ब्लैक' (2005), 'बाजीराव मस्तानी' (2015) और 'गंगूबाई काठियावाड़ी' (2022) जैसी समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों के लिए लिखा है, जिसके लिए इन्होंने कई पुरस्कार जीते हैं।

Prakash Kapadia is an award-winning script writer for films and theatre. He has written for critically acclaimed films like 'Devdas' (2002), 'Black' (2005), 'Bajirao Mastani' (2015) and 'Gangubai Kathiawadi' (2022), amongst others, for which he has won several awards.

प्रशस्ति – फ़िल्म के सशक्त और प्रभावशाली संवाद माहौल, परिवेश और काल का निर्माण करते हैं, पात्रों को जीवंत बनाते हैं।

Citation - Its powerful and incisive dialogues create the ambience, the milieu and the period, giving life to colourful characters.

चाविट्टु
सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन ध्वनि आलेखक
(लोकेशन | सिंक साउंड)

Chavittu | Best Production Sound Recordist
(Location | Sync Sound)

रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Malayalam | **85 Min** | **Director:** Shinos Rahman & Sajas Rahman | **Production Company:** Sharafudheen and Friends | **DOP:** Mukesh Muraleedharan | **Music:** Ajeesh Anto | **Editor:** Shinos Rahman & Sajas Rahman | **Screenplay:** Shinos Rahman & Sajas Rahman | **On Location:** Arun Asok & Sonu K. P. | **Production Design:** Sreejith Odakkali & Abhilash Balan | **Choreographer:** Arunlal | **Sound Design:** Sreejith Sreenivasan | **Cast:** Arunlal

अरुण असोक केरल स्थित एक पुरस्कार विजेता प्रोडक्शन साउंड मिक्सर, साउंड डिजाइनर और साउंड एडिटर हैं। इन्हें 'थाई मसाज', 'मिसमैच्ड सीजन 2', 'मधनोलसवम', 'एडक्कड़ बटालियन 06', 'वासंती' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।

Arun Asok is an award winning production sound mixer, sound designer and sound editor based in Kerala. He is known for films like 'Thai Massage', 'Mismatched Season 2', 'Madhanolsavam', 'Edakkad Battalion 06', 'Vasanthi', amongst others.

सोनू के.पी. एक पुरस्कार विजेता प्रोडक्शन साउंड मिक्सर हैं, जिन्हें फ़िल्म 'चविट्टू' में उनके काम के लिए जाना जाता है। वह कई मलयालम फ़िल्मों जैसे 'कम्मट्टीपादम', 'परवा', 'ईडा' से भी जुड़े हुए हैं।

Sonu K. P. is an award winning production sound mixer, best known for his work in the film 'Chavittu'. He is also associated with several Malayalam films like 'Kammattipadam', 'Parava', 'Eeda', amongst others.

प्रशस्ति – लाइव ध्वनि के जादू को ग्रहण करके कथा की भावना को एक स्तर ऊपर ले जाने के लिए ।

Citation - By capturing the magic of live sound to immensely enhance the spirit of the narrative.

झिल्ली (डिस्कार्ड्स)
सर्वश्रेष्ठ ध्वनि आलेखन (साउंड डिज़ाइनर)
Jhilli (Discards)
Best Audiography (Sound Designer)



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Bengali | **91 Min** | **Director:** Ishaan Ghose | **Production Company:** Goutam Ghose Associates | **DOP:** Ishaan Ghose | **Music:** Soumajit Ghosh & Rajarshi Das | **Editor:** Ishaan Ghose | **Screenplay:** Ishaan Ghose | **Dialogue:** Ishaan Ghose | **Sound Design:** Aneesh Basu | **Cast:** Aranya Gupta

अनीश बासू फ़िल्मों, लघु फ़िल्मों और वेब श्रृंखला के लिए एक साउंड डिजाइनर हैं। इनकी प्रमुख परियोजनाओं में कौशिक गांगुली की 'चोटोडर चोबी' (2015), श्रीजीत मुखर्जी की 'राजकाहिनी' (2015), सुजॉय घोष की फ़ीचर फ़िल्म 'बदला' (2018) और लघु फ़िल्म 'अहिल्या' (2015) जैसी फ़िल्में शामिल हैं जो यूट्यूब पर वायरल हुई। बंगाली फ़िल्म 'झिल्ली' (2021) में अपने काम के लिए, इन्होंने 69वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ ध्वन्यांकन का पुरस्कार जीता।

Aneesh Basu is a sound designer based in Kolkata for films, short films and web series. His major projects include films like Koushik Ganguly's 'Chotoder Chobi' (2015), Srijeet Mukherjee's 'Rajkahini' (2015), Sujoy Ghosh's feature film 'Badla' (2018) and the short film 'Ahalya' (2015) which became viral on YouTube. For his work in the Bengali film 'Jhilli' (2021), he won the Best Audiography Award at the 69th National Film Awards.

प्रशस्ति – संगीत और ध्वनि के असर के साथ एक अभिनव ध्वनि परिदृश्य बनाने के लिए जो पूरे विषय के स्तर को उठाने का काम करता है।
Citation - For creating an innovative sound scape with music and sound effects that elevates the overall theme.

सरदार उधम

सर्वश्रेष्ठ ध्वनि आलेखन

(अंतिम मिक्स्ड ट्रैक का पुन: ध्वनि आलेखक)

Sardar Udham | Best Audiography

(Re - Recordist of the Final Mixed Track)

रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Hindi | **164 Min** | **Director:** Shoojit Sircar | **Production Company:** Kino Works LLP & Rising Sun Films Pvt. Ltd. **DOP:** Avik Mukhopadhayay | **Music:** Shantanu Moitra | **Editor:** Chandrashekhar Prajapati | **Screenplay:** Suvendu Bhattacharjee & Ritesh Shah | **Sound Design:** Dipankar Jojo Chaki & Nihar Ranjan Samal | **Costume Designer:** Veera Kapur Ee | **Cast:** Vicky Kaushal, Shaun Scott, Stephen Hogan, Amol Parashar, Kirsty Averton

फ़िल्मों में ध्वनि के पेशे में **सिनॉय जोसेफ** एक पुरस्कार विजेता नाम है, जिन्होंनें 20 से ज्यादा भाषाओं के लिए 450 से ज्यादा फ़िल्मों के लिए काम किया है। फ़िल्मों में ध्वनि की अहमियत को बयान करने के मामले में इनकी विशेषज्ञता और समर्पण की बदौलत इन्हें व्यापक स्तर पर पहचान और कई पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें 'सरदार उधम' (2022) के लिए प्रतिष्ठित 69वां राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार, 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' (2012) के लिए 60वां राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार शामिल हैं। और 'कार्बन' (2018) के लिए 49वां केरल राज्य फ़िल्म पुरस्कार शामिल है।

Sinoy Joseph is an award winning sound professional, who has worked on more than 450 feature films in a remarkable array of 20 different languages. His dedication and expertise in the world of sound in films has earned him widespread recognition and numerous awards, including the prestigious 69th National Film Award for 'Sardar Udham' (2022), the 60th National Film Award for 'Gangs of Wasseypur' (2012) and the 49th Kerala State Film Award for 'Carbon' (2018).

प्रशस्ति – संगीत का एक ऐसा नाजुक संतुलन जहां प्रत्येक ध्वनि मिलकर एक सुसंगत और प्रभावकारी माहौल बनाती है।

Citation - A delicate balance where every sound element was harmonized to create a coherent and impactful soundscape.

गंगुबाई काठियावाड़ी
सर्वश्रेष्ठ संपादन
Gangubai Kathiawadi
Best Editing



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Hindi | **157 Min** | **Director:** Sanjay Leela Bhansali | **Production Company:** Bhansali Productions Pvt Ltd | **DOP:** Sudeep Chatterjee | **Music:** Sanchit Balhara & Ankit Balhara | **Editor:** Sanjay Leela Bhansali | **Screenplay:** Sanjay Leela Bhansali & Utkarshini Vashishtha | **Dialogue:** Utkarshini Vashishtha & Prakash Kapadia | **Cast:** Alia Bhatt, Ajay Devgn, Seema Pahwa, Indira Tiwari, Jim Sarbh, Shantanu Maheshwari



संजय लीला भंसाली विख्यात फ़िल्मकार, पटकथा लेखक, संगीतकार, संपादक और निर्माता हैं। उनकी फ़िल्में एक पैंटिंग की तरह होती हैं जिसमें भारतीय जीवन शैली को एक बड़े कैनवास पर सीपित कर अद्भुत कल्पनाओं के रंग भरे जाते हैं। इनकी फ़िल्मों ने व्यावसायिक सफलता के साथ आलोचनात्मक प्रशंसा को बखूबी संतुलित किया है, इन्हें 'खामोशी', 'देवदास', 'ब्लैक', 'बाजीराव मस्तानी', 'गंगूबाई काठियावाड़ी' जैसी फ़िल्मों के लिए जाना जाता है। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए उन्हें पांच बार राष्ट्रीय पुरस्कार और पद्म श्री (2015) सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

Sanjay Leela Bhansali is a renowned Indian filmmaker, screenwriter, music composer, editor and producer. His films celebrate the Indian way of life with striking imagery mounted on epic scale. Balancing critical acclaim with commercial success, he is known for films like, 'Khamoshi', 'Devdas', 'Black', 'Bajirao Mastani', 'Gangubai Kathiawadi', amongst others. He has been conferred with numerous prestigious awards, including the National Award five times and the Padma Shri (2015), for his contributions to Indian cinema.

प्रशस्ति – एक कलात्मक और तकनीकी प्रयास जिसने फिल्म की कथा और भावनात्मक गतिशीलता को एक विस्तार दिया, जिसका परिणामस्वरूप एक सम्मोहक और गहन सिनेमाई यात्रा संभव हो सकी।

Citation - An artistic and technical endeavour that intricately shaped the film's narrative and emotional dynamics, resulting in a compelling and immersive cinematic journey.

सरदार उधम

सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिज़ाइन

Sardar Udham
Best Production Design



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Hindi | **164 Min** | **Director:** Shoojit Sircar | **Production Company:** Kino Works LLP & Rising Sun Films Pvt. Ltd. | **DOP:** Avik Mukhopadhayay | **Music:** Shantanu Moitra | **Editor:** Chandrashekhar Prajapati | **Screenplay:** Suvendu Bhattacharjee & Ritesh Shah | **Production Design:** Dmitrii Malich & Mansi Dhruva Mehta | **Costume Designer:** Veera Kapur Ee | **Cast:** Vicky Kaushal, Shaun Scott, Stephen Hogan, Amol Parashar, Kirsty Averton

दिमित्री मालीच एक अंतरराष्ट्रीय प्रोडक्शन डिजाइनर और कठपुतली डिजाइनर हैं, इन्होंने 30 से अधिक फ़िल्मों और टेलीविजन श्रृंखलाओं पर काम किया है। फिल्म 'एलेक्जेंड्रा' (2007) के लिए इन्हें रूस के संस्कृति मंत्रालय से सम्मान और मेडल ऑफ ऑनर मिला। **Dimitrii Malich** is an international production designer and a puppet designer who has worked on more than 30 movies and television series. He received a Medal of Honor and Gratitude from the Ministry of Culture of Russia for the film 'Alexandra' (2007).

मानसी ध्रुव मेहता एक पुरस्कार विजेता भारतीय प्रोडक्शन डिजाइनर हैं। इन्हें 'विक्की डोनर', 'पीकू', 'अक्टूबर', 'मोनिका ओह माय डार्लिंग', 'गुलाबो सीताबो', 'गुलमोहर' और 'सरदार उधम' जैसी उल्लेखनीय फिल्मों में इनके काम के लिए सराहना और प्रशंसा मिली है। **Mansi Dhruv Mehta** is an award winning Indian production designer. She has received appreciation and accolades for her work in notable films like 'Vicky Donor', 'Piku', 'October', 'Monica Oh My Darling', 'Gulabo Sitabo', 'Gulmohar' and 'Sardar Udham'.

प्रशस्ति – कई परतों में रची गई प्रक्रिया एतिहासिक संदर्भों और कहानी से लेकर जिंदगी तक भावनात्मक गहराइयों को उभारती है।

Citation - Its multi-layered process brought out the historical context and the emotional depth of the story to life.

सरदार उधम

सर्वश्रेष्ठ वेशभूषाकार

Sardar Udham
Best Costume Designer

रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Hindi | **164 Min** | **Director:** Shoojit Sircar | **Production Company:** Kino Works LLP & Rising Sun Films Pvt. Ltd. | **DOP:** Avik Mukhopadhayay | **Music:** Shantanu Moitra | **Editor:** Chandrashekhar Prajapati | **Screenplay:** Suvendu Bhattacharjee & Ritesh Shah | **Production Design:** Dmitrii Malich & Mansi Dhruva Mehta | **Costume Designer:** Veera Kapur Ee | **Cast:** Vicky Kaushal, Shaun Scott, Stephen Hogan, Amol Parashar, Kirsty Averton



वीरा कपूर ईई फिल्मों, टेलीविजन, ओटीटी श्रृंखला और विज्ञापन–फ़िल्मों के लिए भारत की अग्रणी पोशाक डिजाइनरों में से एक हैं। कई पुरस्कारों और प्रशंसाओं की प्राप्तकर्ता वीरा ने 'सरदार उधम', 'गुलाबो सिताबो', 'भारत', '102 नॉट आउट', 'अक्टूबर' 'ब्लैकमेल', 'पीकू', 'काला' सहित कई लोकप्रिय फ़िल्मों के लिए यादगार वेशभूषा बनाने, और डिजाइन करने में अपनी पहचान बनाई है। इन्होंने उद्योग जगत के अग्रणी दिग्गजों को स्टाइल किया है और उनके खाते में 1000 से अधिक विज्ञापन–फ़िल्में और कई ओटीटी श्रृंखलाएं हैं।

Veera Kapur Ee is one of India's leading costume designers for films, television, OTT series and ad-films. A recipient of many awards and accolades, she has made a mark in creating, curating, and designing memorable costumes for popular films like 'Sardar Udham', 'Gulabo Sitabo', 'Bharat', '102 Not Out', 'October', 'Blackmail', 'Piku', 'Qala', amongst others. She has styled leading industry stalwarts and has over 1000 ad-films and several OTT series to her credit.

प्रशस्ति – किरदारों और उनके ऐतिहासिक संदर्भों के बीच संबंध स्थापित करने और उस दौर के अनुभवों को प्रमाणिकता प्रदान करने के लिए।

Citation - The authenticity contributes to its immersive experience transporting and creating a connection between the characters and their historical contexts.

गंगुबाई काठियावाड़ी

सर्वश्रेष्ठ मेकअप कलाकार

Gangubai Kathiawadi
Best Make-up Artist



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Hindi | **157 Min** | **Director:** Sanjay Leela Bhansali | **Production Company:** Bhansali Productions Pvt Ltd | **DOP:** Sudeep Chatterjee | **Music:** Sanchit Balhara & Ankit Balhara | **Editor:** Sanjay Leela Bhansali | **Screenplay:** Sanjay Leela Bhansali & Utkarshini Vashishtha | **Dialogue:** Utkarshini Vashishtha & Prakash Kapadia | **Make-up Artist:** Preetisheel Singh D'souza | **Cast:** Alia Bhatt, Ajay Devgn, Seema Pahwa, Indira Tiwari, Jim Sarbh, Shantanu Maheshwari

प्रीतिशील सिंग डिसूज़ा भारतीय फ़िल्म उद्योग में चरित्र रचना और रूपसज्जा कलात्मकता के क्षेत्र की एक प्रसिद्ध प्रतिभा हैं। इन्होंने 60 से अधिक फ़िल्मों और आधा दर्जन वेब श्रृंखलाओं में काम किया है, जहां इनकी रूपसज्जा कलात्मकता के परिवर्तनकारी कौशल ने विभिन्न पात्रों में जान फूंक दी है। इनके रूपसज्जा कलात्मक कौशल ने अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, ऋषि कपूर, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह सहित बॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित सितारों को फ़िल्म के किरदार में गढ़ा है।

Preetisheel Singh D'Souza is a renowned talent in the realm of character design and makeup artistry in the Indian film industry. She has worked on more than 60 films and half a dozen web series where her makeup artistry's transformative skills have breathed life into diverse characters. Her makeup artistic prowess has graced the faces of Bollywood's most iconic stars, including Amitabh Bachchan, Shahrukh Khan, Rishi Kapoor, Akshay Kumar, Ranveer Singh, amongst others.

प्रशस्ति – कलात्मकता, शोध और कहानी कहने का तरीका मिलकर फ़िल्म के चरित्र की गहराई, ऐतिहासिक संदर्भ और समग्र सिनेमाई प्रभाव में योगदान देते हैं।

Citation - A blend of artistry, research and storytelling that contributes to the film's character depth, historical context and overall cinematic impact.

पुष्पा (दि राइस पार्ट 1)
सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन (गीत)

Pushpa (The Rise Part 1)
Best Music Direction (Songs)



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Telugu | 179.51 Min | Director: Bandreddi Sukumar | **Production Company:** Mythri Movie Makers | **DOP:** Kuba Miroslaw Brozek | **Music:** Devi Sri Prasad | **Editor:** Karthika Srinivas and Antony L Ruben | **Screenplay:** B Sukumar **Dialogue:** B Sukumar & Srikanth Vissa | **Cast:** Allu Arjun, Rashmika Mandanna, Jagadeesh Prathap Bandari, Fahadh Fazil, Ajay Ghosh, Sunil, Dhananjay, Anasuya Bharadwaj, Kalpalatha, Dhruvan

रॉकस्टार डीएसपी के नाम से चर्चित **देवी श्री प्रसाद** एक पुरस्कार विजेता संगीतकार, गायक और गीतकार है। मुख्य रूप से तेलुगु और तमिल सिनेमा में अपने ब्लॉकबस्टर संगीत के लिए पहचाने जाने वाले डीएसपी ने 100 से अधिक फ़िल्मों में काम किया है। पारंपरिक और समकालीन संगीत के विशिष्ट मिश्रण ने उन्हें एक अद्वितीय कलात्मक छाप वाले संगीत निर्देशक के रूप में प्रशंसा दिलाई है। वह कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता हैं, जिनमें एक राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार, एक नंदी पुरस्कार, दस फ़िल्मफेयर पुरस्कार सहित और कई अन्य पुरस्कार शामिल हैं।

Devi Sri Prasad, renowned as Rockstar DSP is an award winning Indian music composer, singer and lyricist. Known for his blockbuster music predominantly for Telugu and Tamil cinema, he has worked in over 100 films. His distinctive fusion of traditional and contemporary musical elements has earned him acclaim as a music director with a unique artistic imprint. He is the recipient of several prestigious awards, including a National Film Award, a Nandi Award, ten Filmfare Awards, and several others.

प्रशस्ति – गीत रचनाएँ जहां अपनी एक अमिट छाप छोड़ती हैं वहीं कहानी का एक अभिन्न अंग बन कर उससे असर को बढ़ाती हैं ।।

Citation - The song compositions become an integral part of its storytelling enhancing impact, while leaving a lasting impression.

आर आर आर

सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन
(बैकग्राउंड स्कोर)

RRR | Best Music Direction (Background Score)



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Telugu | **187 Min** | **Director:** S S Rajamouli | **Production Company:** DVV Entertainments LLP | **DOP:** KK Senthil Kumar | **Music:** M. M. Keeravaani | **Editor:** A Sreekar Prasad | **Screenplay:** SS Rajamouli | **Sound Design:** Raghunath Kemisetty | **Costume Designer:** Rama Rajamouli | **Cast:** Ramcharan, Jr NTR, Alia Bhatt, Ajay Devgn, Shriya Saran, Twinkle Sharma, Samuthirakani

एम एम कीरावाणी दुनियाभर में विख्यात पुरस्कार विजेता संगीतकार, रिकॉर्ड प्रोड्यूसर, गायक और गीतकार हैं। इन्होंनें विभिन्न भाषाओं की 250 फिल्मों के लिए 1600 से ज्यादा गाना तैयार कियए हैं, और कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजे जा चुके हैं, जिसमें, दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, एक अकादमी अवार्ड, एक गोल्डन ग्लोब, 11 नंदी पुरस्कार और 8 बार फिल्म फेयर पुरस्कार शामिल हैं। भारतीय सिनेमा में इनके योगदान को देखते हुए इन्हें पदम श्री (2023) से भी सम्मानित किया जा चुका है।

M M Keeravaani is a globally renowned award winning Indian music composer, record producer, singer and lyricist. He has worked on more than 250 movies, recorded 1600 plus songs in multiple languages and is a recipient of several prestigious accolades and awards, including two National Film Awards, an Academy Award, a Golden Globe Award, eleven Nandi Awards and eight Filmfare Awards. He was conferred with a Padma Shri (2023) for his contributions towards Indian cinema.

प्रशस्ति – संगीत रचना समग्र रूप से सिनेमाई अनुभव पैदा करती है और फिल्म की दृश्य कथा के स्तर को उठाती है।

Citation - The music composition enhances the film's visual narrative creating a holistic cinematic experience.

कोंडा पोलम
सर्वश्रेष्ठ गीत
Konda Polam | Best Lyrics



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Telugu | 142.29 Min | Director: Radha Krishna Jagarlamudi | **DOP:** Gnanashekhar V.S. | **Music:** M. M. Keeravaani | **Editor:** Shravan Katikaneni | **Screenplay:** Radha Krishna Jagarlamudi | **Dialogue:** Radha Krishna Jagarlamudi | **Production Design:** Rajukmar Gibson | **Lyrics:** Chandrabose | **Costume Designer:** Aiswarya Y | **Cast:** Panja Vaisshnav Tej, Rakul Preet Singh

कानुकुंतला सुभाष चंद्रबोस तेलुगु फिल्म जगत के एक पुरस्कार विजेता गीतकार और पार्श्व गायक हैं। इन्होंनें 860 से ज्यादा फ़िल्मों के लिए 3600 से ज्यादा गीत लिखे हैं। आर आर आर (2022) के गाने 'नाटू नाटू' के लिए अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर 2023) और गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड और फ़िल्म कोंडा पोलम (2021) के 'धम धम धम' गाने के लिए राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार (2021) सहित इन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाज़ा जा चुका है।

Kanukuntla Subhash Chandrabose is an award winning Indian lyricist and playback singer in the Telugu film industry. He has penned memorable lyrics for more than 3600 songs in over 860 films. A recipient of several prestigious accolades, including an Academy Award (Oscar 2023) and a Golden Globe Award for the song 'Naatu Naatu' from RRR (2022), and a National Film Award (2021) for the song 'Dham Dham Dham' from the film Konda Polam (2021), amongst other awards.

प्रशस्ति – विस्मयकारी गीत जो मानव के प्रकृति के साथ संबंधो को सुंदरता से वर्णित करते हैं ।

Citation - Its awe-inspiring lyrics beautifully describe human relationship with mother nature.

आर आर आर
सर्वश्रेष्ठ स्पेशल इफेक्ट

RRR
Best Special Effects

रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Telugu | **187 Min** | **Director:** S S Rajamouli | **Production Company:** DVV Entertainments LLP | **DOP:** KK Senthil Kumar | **Music:** M. M. Keeravaani | **Editor:** A Sreekar Prasad | **Screenplay:** SS Rajamouli | **Sound Design:** Raghunath Kemisetty | **Costume Designer:** Rama Rajamouli | **Cast:** Ramcharan, Jr NTR, Alia Bhatt, Ajay Devgn, Shriya Saran, Twinkle Sharma, Samuthirakani

श्रीनिवास मोहन एक विजुअल इफेक्ट् सुपरवाइजर हैं जिन्हें इस क्षेत्र का 25 साल का अनुभव है। वह अकादमी के सदस्य हैं और उन्हें उनके काम के लिए कई पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं, जिसमें सर्वश्रेष्ठ स्पेशल इफेक्ट के लिए पाँच "राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार" शामिल हैं। उन्होंने कई चर्चित फ़िल्मों पर काम किया है, जिनमें "आर आर आर", "2.0", "बाहुबली द बिगिनिंग" और "एंधीरन द रोबोट" शामिल हैं।

Srinivas Mohan is an Indian visual effects supervisor with 25 years of experience. He is a member of The Academy and has received several awards for his work, including five "National Film Awards" for Best Special Effects. He has worked on a number of notable films, including "RRR", "2.0", "Baahubali The Beginning" and "Endhiran The Robot".

प्रशस्ति – उन्नत वीएफएक्स तकनीकों को शामिल करने के लिए जो फ़िल्म के एक्शन और कथित काल के दृश्य को जीवंत बनाते हैं।
Citation - Incorporated with advanced VFX techniques that brought out its action and period elements to life.

आर आर आर
सर्वश्रेष्ठ नृत्यकला

RRR
Best Choreography



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Telugu | 187 Min | Director: S S Rajamouli | **Production Company:** DVV Entertainments LLP **DOP:** KK Senthil Kumar | **Music:** M. M. Keeravaani | **Editor:** A Sreekar Prasad | **Screenplay:** SS Rajamouli | **Sound Design:** Raghunath Kemisetty | **Choreography:** Prem Rakshith | **Cast:** Ramcharan, Jr NTR, Alia Bhatt, Ajay Devgn, Shriya Saran, Twinkle Sharma, Samuthirakani

प्रेम रक्षित कई सम्मान हासिल कर चुके भारतीय नृत्य निर्देशक हैं जो मूलरूप से तेलुगू फ़िल्म उद्योग के लिए काम करते हैं। 1994में बतौर डांसर शुरुआत करने के बाद उनकी जुनून और लगन ने 2002 में उन्हें नृत्य–निर्देशक के मुकाम तक पहुँचाया। 70 से ज़्यादा फ़िल्मों में नृत्य निर्देशन कर चुके रक्षित की रची कई स्टेप्स लोकप्रिय हैं और उन्होंने एक राष्ट्रीय फ़िल्म अवॉर्ड, तीन नंदी पुरस्कार और चार फ़िल्मफेयर अवार्ड जीते हैं।

Prem Rakshith is an award winning Indian choreographer, predominantly working in the Telugu film industry. Starting off as a dancer himself in 1994, his passion and dedication transitioned him into a choreographer in 2002. He has choreographed for 70 plus films, giving several popular hook steps, and is a recipient of several accolades and awards, including a National Film Award, three Nandi Awards and four Filmfare Awards.

प्रशस्ति – उत्कृष्ट नृत्य संयोजन जो फ़िल्म की लय, गति, शैली और भावनात्मक अभिव्यक्ति को बनाए रखते हुए एक मनोरम प्रस्तुति देते हैं जो फ़िल्म के साथ जोड़े रखती है।

Citation - The excellent choreography maIntained the film's rhythm, tempo, style and emotional expression to create a cohesive and captivating performance.

आरआरआर
सर्वश्रेष्ठ एक्शन निर्देशन

RRR | Best Action Direction
(Stunt Choreography)



रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 50,000/-

Telugu | **187 Min** | **Director:** S S Rajamouli | **Production Company:** DVV Entertainments LLP | **DOP:** KK Senthil Kumar | **Music:** M. M. Keeravaani | **Editor:** A Sreekar Prasad | **Screenplay:** SS Rajamouli | **Stunt Choreographer:** King Solomon | **Sound Design:** Raghunath Kemisetty | **Costume Designer:** Rama Rajamouli | **Cast:** Ramcharan, Jr NTR, Alia Bhatt, Ajay Devgn, Shriya Saran, Twinkle Sharma, Samuthirakani

किंग सोलोमोन, तेलुगू फ़िल्मों के जाने–माने एक्शन निर्देशक हैं. 'ईगा', 'बाहुबली: द बिगनिंग', 'बाहुबली 2: द कन्क्लूजन' और 'आरआरआर' जैसी फ़िल्मों के एक्शन स्टंट और सीक्वेंस इन्हीं की देन ह।. एक्शन दृश्य फ़िल्माने में स्टंट डायरेक्टर्स का अहम रोल होता है। ऐसे में इन लोकप्रिय फ़िल्मों में सोलोमन का हुनर भारतीय फ़िल्म उद्योग में उनके अहम योगदान को दिखाता है।

King Solomon is a renowned action director in the Telugu film industry. He is the person behind the exhilarating action sequences and stunts seen in notable films like 'Eega,' 'Baahubali: The Beginning,' 'Baahubali 2: The Conclusion,' and 'RRR'. As stunt directors play a pivotal role in choreographing action sequences in films, his expertise in these acclaimed movies highlights his significant contributions to the Indian film industry.

प्रशस्ति – शानदार तरीके से कोरियोग्राफ किए गए स्टंट और एक्शन दृश्य फ़िल्म के समग्र सिनेमाई अनुभव को ऊंचाइयों पर ले जाते हैं।

Citation - The intense and well choreographed stunt/action scenes enhanced the film's overall cinematic experience.

अनुर (आइज़ ऑन दि सनशाइन)

विशेष उल्लेख

Anur (Eyes on the Sunshine) | Special Mention



प्रशस्ति पत्र | CERTIFICATE

Assamese | **162 Min** | **Director:** Monjul Baruah | **Producer:** Dr. Gopendra Mohan Das | **DOP:** Sumon Dowerah | **Music:** Tarali Sarma | **Editor:** Twenchang | **Screenplay:** Monjul Baruah | **Story:** Anuradha Sharma Pujaree | **Sound Design:** Amrit Pritam Dutta | **Costume Designer:** Garima Saikia Garg | **Cast:** Dr. Jahanara Begum, Rajat Kapoor, Boloram Das, Rajashree Sarmah, Bidya Bharati, Udayan Duara, Aakhya J Kashyap

डॉ. जहाँआरा बेगम मुख्यरूप से एक डॉक्टर और असम की चर्चित रंगमंच और फिल्म अभिनेत्री हैं। इन्होंनें करीब 60 नाटकों में अभिनय किया और सराही गई हैं। इन्होंने जेबी प्रोडक्शंस नाम से अपनी खुद की थिएटर प्रोडक्शन कंपनी शुरू की और पांच असमिया फ़िल्मों में अभिनय किया जिसमें य 'गुन गुन गाने', 'कैक्टस', 'सीमा – द स्टोरी अनटोल्ड', 'कानिन' और अब 'अनुर: आइज़ ऑन द सनशाइन' जिससे इन्हें पहचान और सराहना मिली ।

Dr. Jahanara Begum is a prominent medical practitioner and a renowned theatre and film actor in Assam. She has done more than 60 plays and has received several accolades. She started her own theatre production company called JB Productions and has acted in five Assamese films; 'Guun Guun Gaane Gaane', 'Cactus', 'Seema – The Story Untold', 'Kanin' and now 'Anur: Eyes on the Sunshine' that have garnered recognition and appreciation.

प्रशस्ति – एक ऐसी विधवा के भावनात्मक चरित्र का सहज प्रदर्शन, जो एक ऐसे घर में अकेली रहती है जहां उसके दिवंगत पति की यादें हैं।

Citation - A subtle performance in an emotional character of a widow, living alone in a house that holds memories of her late husband.

होम
विशेष उल्लेख
Home | Special Mention



प्रशस्ति पत्र | CERTIFICATE

Malayalam | **161** | **Director:** Rojin Thomas | **Production Company:** Friday Film House Pvt Ltd | **DOP:** Neil D Cunha | **Music:** Rahul Subramanian | **Editor:** Prejish Prakash | **Screenplay:** Rojin Thomas | **Sound Design:** Dhanush Nayanar | **Costume Designer:** Akshaya Premnath | **Cast:** Sreenath Bhasi, Indrans, Manju Pillai

इन्द्रेन्स मलयालम फ़िल्म जगत के चर्चित और पुरस्कार विजेता अभिनेता और पूर्व कॉस्टयूम डिजाइनर हैं। इन्होंनें अपनी शुरुआत सहायक हास्य अभिनेता के तौर पर की और धीरे धीरे इनके गंभीर किरदारों ने लोगों के दिलों में ऐसी जगह बनाई कि यह केरल के सबसे चर्चित कलाकारों में शुमार हो गए। इन्होंने 'थ्री मेन आर्मी', 'मनाथे कोट्टारम', 'किलुकिल पंबरम', 'आद्यथे कनमनी', 'अनियान बावा चेतन बावा', 'पंजाबी हाउस', 'आलोरुक्कम', 'वेयिलमरंगा' और 'होम' में यादगार अभिनय के साथ 750 से अधिक फ़िल्मों में अभिनय किया है।

Indrans is a renowned and award winning Indian actor and former costume designer in the Malayalam film industry. He started as a supporting comedian and graduated to serious lead roles that made him one of the most popular actors in Kerala. He has acted in more than 750 films with memorable performances in, 'Three Men Army', 'Manathe Kottaram', 'Kilukil Pambaram', 'Aadyathe Kanmani', 'Aniyan Bava Chetan Bava', 'Punjabi House', 'Aalorukkam', 'Veyilmaranga' and 'Home'.

प्रशस्ति – स्मार्ट फोन के माध्यम से अपने बेटों के साथ सार्थक संबंध स्थापित करने की कोशिश कर रहे एक मध्यम आयु वर्ग के व्यक्ति का सहज और मासूम प्रदर्शन ।

Citation - A natural and innocent performance of a middle aged man trying to establish a meaningful connection with his sons through a smart phone.

झिल्ली (डिस्काईस)
विशेष उल्लेख
Jhilli (Discards) | Special Mention



प्रशस्ति पत्र | CERTIFICATE

Bengali | **91 Min** | **Director:** Ishaan Ghose | **Production Company:** Goutam Ghose Associates | **DOP:** Ishaan Ghose | **Music:** Soumajit Ghosh & Rajarshi Das | **Editor:** Ishaan Ghose | **Screenplay:** Ishaan Ghose | **Dialogue:** Ishaan Ghose | **Cast:** Aranya Gupta, Bitan Biswas

अरण्य गुप्ता कोलकाता के अभिनेता और विजुअल आर्टिस्ट हैं। यह वर्तमान में विश्व भारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन से कला इतिहास में स्नातोकोत्तर कर रहे हैं। **Aranya Gupta** is an actor and a visual artist from Kolkata. He is currently pursuing his Masters in Art History from Visva Bharati University, Shantiniketan.

बिटान बिस्वास एक रंगमंच और फ़िल्म अभिनेता है, जो मुख्यतौर पर बंगाली सिनेमा के लिए काम करते हैं। मंच पर इनके अभिनय को देख कर इन्हें फ़िल्म में काम करने का मौका मिला और उनकी पहली फ़िल्म थी, 'द्वितियो रिपु' (2015)। इन्होंने प्रशंसित फ़िल्म 'झिल्ली' (2021) में अपने प्रदर्शन के लिए सराहना और पहचान हासिल की। **Bitan Biswas** is an Indian theatre and film actor, primarily working in Bengali cinema. He got noticed for his acting on stage and soon made a transition into films debuting with, 'Dwitiyo Ripu' (2015). He garnered appreciation and recognition for his performance in the acclaimed film 'Jhilli' (2021).

प्रशस्ति – अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने और मुश्किलों से निपटने वाले एक तेजतर्रार शख़्स की भूमिका को बेहद देसी और प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए।
Citation - A rustic and powerful performance in the role of a street smart person making the best of life in his world.

कडैसी विवसायी (दि लास्ट फार्मर)
विशेष उल्लेख

Kadaisi Vivasayi (The Last Farmer)
Special Mention



प्रशस्ति पत्र | CERTIFICATE

Tamil | **145 Min** | **Director:** M Manikandan | **Production Company:** Tribal Arts | **DOP:** M Manikandan **Music:** Santosh Narayanan & Richard Harwey | **Editor:** B Ajith Kumar | **Screenplay:** M Manikandan | **Sound Design:** Ajayan Adat & S Radhakrishnan | **Costume Designer:** M Manikandan | **Cast:** Nallandi, Vijay Sethupathi, Raichal Rebbaca

स्व. श्री नल्लांदी एक किसान और अभिनेता थे। तमिल फ़िल्म 'कडैसी विवसायी' (द लास्ट फार्मर, 2021) में एक किसान मयंदी की भूमिका में उनके प्रदर्शन को सराहना, पहचान और व्यापक आलोचनात्मक प्रशंसा मिली। उनके इस किरदार को निभाने के लिए 69वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार में विशेष उल्लेख मिला।

Late Shri Nallandi was an Indian farmer and actor. His performance portraying the role of Maayandi, a farmer in the Tamil film 'Kadaisi Vivasayi' (The Last Farmer, 2021), garnered appreciation, recognition and widespread critical acclaim. The stellar portrayal of this character by him received a Special Mention at the 69th National Film Awards.

प्रशस्ति – एक दूरदराज के गांव में एक अस्सी वर्षीय किसान का शानदार प्रदर्शन जो अपने पैतृक खेत की देखभाल करते हुए एक संतुष्ट जीवन जीता है।

Citation - A brilliant performance of an octogenarian farmer in a remote village who leads a content life tending to his ancestral farmland.

कथासार | Synopsis

गोदावरी (दि होली रिवर) (Godavari (The Holy River))

गोदावरी भारतीय परिवार व्यवस्था में पीढ़ीगत गुस्से और परंपरा की अवधारणा की बात करती है। पीढ़ियों से निशी और उनका परिवार पुराने शहर में अपनी संपत्ति से किराया वसूलते रहे हैं। निशि बगैर इच्छा के इस परंपरा जारी रखे हुए है और अपने जीवन से निराश है, किराया इकट्ठा करना और अपने छोटे से अपार्टमेंट में वीडियो गेम खेलना, इस निरर्थक काम से उसे नफरत है, अपने माता–पिता, पत्नी और बेटी से दूर पारिवारिक हवेली में रहता है। निशी के परिवार पर क्या बीतती है जब उसे दो मौतों का सामना करना पड़ता है एक अपेक्षित और दूसरी अप्रत्याशित, यही है गोदावरी का सार।

Godavari speaks of generational angst and the concept of tradition in the Indian family system. For generations Nishi and his family have been rent collectors from the property they own in the old town. Nishi continues the tradition unwillingly and is frustrated with his life, hating his insignificance as he collects rents and plays video games in his small apartment, living away from his parents, wife and daughter in the family mansion. What happens to Nishi's family when it is confronted with two deaths; one expected and another unexpected forms the crux of Godavari.

पुष्पा (दि राइस पार्ट 1) (Pushpa (The Rise Part 1))

पुष्पा राज, एक नाजायज बच्चा है, जिसे बचपन से परिवार का नाम नहीं होने का अपमान झेलना पड़ा है। अपने इरादों पर अडिग, वह केवल आंध्र प्रदेश में उगने वाली दुर्लभ लकड़ी लाल चंदन की तस्करी करने वाले गिरोह में शामिल हो जाता है और जल्द ही गिरोह का सरगना बन जाता है। वहीं उसकी प्रेमिका के साथ उसकी सगाई टूट जाती है, क्योंकि उसका कोई पारिवारिक नाम नहीं है। फिर भी हिम्मत नहीं हारता है, पुष्पा अपना काम करता रहता है,लेकिन फिर उसका सामना होता है एक क्रूर पुलिस अधिकारी भंवर सिंह शेखावत से, जो उसे उसके वंश के लिए अपमानित करता है। पुष्पा भंवर को एक खुली चुनौती के साथ जवाब देता है, जो इस एक्शन–ड्रामा फ़िल्म के भाग 2 के लिए मार्ग प्रशस्त करता है।

Pushpa Raj, a bastard child, since childhood faces humiliation for not having a family name. Undeterred, he joins a gang smuggling red sanders, a rare wood growing only in Andhra Pradesh and soon rises up the ranks to become their leader. Yet his engagement with his girlfriend is called off, as he does not have a family name. Not losing courage, Pushpa continues to work till a ruthless police officer Bhanwar Singh Shekhawat humiliates him for his lineage. Pushpa retorts with an open challenge to Bhanwar, which paves the way for Part 2 of this action-drama film.

गंगूबाई काठियावाड़ी (Gangubai Kathiawadi)

फ़िल्म गंगुबाई काठियावाड़ी, एस. हुसैन जैदी और जेन बोर्जेस की किताब 'माफिया क्वीन्स ऑफ मुंबई' पर आधारित है। फ़िल्म की कहानी छोटे से शहर की गंगा के इर्द गिर्द घूमती है जो अभिनेत्री बनने के लिए घर से भाग कर मुंबई पहुंचती है। लेकिन उसका प्रेमी उसे धोखा देता और वेश्यालय में बेच देता है, जहां उसके पास जीने के लिए समझौता करने के अलावा कोई चारा नहीं बचता है । गंगा केवल खुद को बचाती नहीं है, बल्कि वेश्याओं के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ती और उनके अधिकारों की आवाज बनती है।

The film Gangubai Kathiawadi is based on the book 'Mafia Queens of Mumbai' written by S. Hussain Zaidi and Jane Borges. The narrative walks through the life of a young Ganga, who runs away from her small town of Kathiawad to pursue dreams of becoming a movie star. But her lover betrays her and sells her off to a brothel where she is left with no choice but to survive in these dire circumstances. Ganga not only survives, but also rises up to fight against the injustices imposed on prostitutes, becoming their voice for their rights.

मिमी (Mimi)

मिमी, छोटे शहर की एक लड़की है, जो अभिनेत्री बनने के अपने ख्वाब को पूरा करने के लिए मुंबई जाना चाहती है, जिसके लिए उसे पैसे की जरूरत है। भानु, एक टैक्सी ड्राइवर है, जो उसे एक अमेरिकी दंपति से मिलवाता है जो किसी लड़की की तलाश में है जो उनके बच्चे को सरोगेट कर सके। मिमी 20 लाख रु के बदले में इसके लिए राजी हो जाती है। लेकिन सब कुछ योजना के मुताबिक नहीं चलता है और बीच गर्भावस्था में पता चलता है कि बच्चा डाउन सिंड्रोम के साथ पैदा होगा। अमेरिकी दंपति मिमी को गर्भपात करवाने के बोल कर और उसे अकेला छोड़ कर चले जाते हैं। मिमी को अब एक ऐसा फैसला लेना है जो उसकी जिंदगी को पूरी तरह से बदल देगा।

Mimi, an aspiring actress from a small town, needs money to go to Mumbai to fulfil her dreams. Bhanu, a taxi driver, introduces her to an American couple looking for a surrogate to bear their child. Mimi agrees to become one in exchange for INR 20 lakhs. But things don't go as planned as in the midst of her pregnancy the doctor informs that the child could be born with down syndrome. The American couple asks her to abort the child and abandons her. Mami now has to make decisions that will change the course of her life.

दि कश्मीर फाइल्स (The Kashmir Files)

कृष्णा पंडित एक युवा रिफ्यूजी कश्मीरी पंडित है, जो अपने दादा पुष्करनाथ पंडित के साथ रहता है। पुष्करनाथ 1990 में हुए कश्मीरी पंडितों के नरसंहार का गवाह है। पुष्करनाथ कश्मीर से बच निकलते हैं और ताउम्र अनुच्छेद 370 के रद्द किए जाने को लेकर संघर्ष करते हैं। इन बातों से अंजान कृष्णा यह जानता है कि उसके माता–पिता की मौत कश्मीर में एक दुर्घटना में हुई थी। एएनयू के छात्र के रूप में अपनी प्रोफेसर राधिका मेनन से प्रभावित होकर, वह नरसंहार का खंडन करता है और आजाद कश्मीर की लड़ाई लड़ता है। उसे सच्चाई का पता तब चलता है जब उसके दादा जी की मौत हो जाती है। यह फ़िल्म नरसंहार से पीड़ित पहली पीढ़ी के वीडियो साक्षात्कार से प्रेरित है।

Krishna Pandit is a young Kashmiri Pandit refugee living with his grandfather Pushkarnath Pandit who witnessed the 1990 genocide of Kashmiri Pandits. Pushkarnath had to flee from Kashmir and fought for the revocation of Article 370 all his life. Unaware, Krishna believes his parents died in an accident in Kashmir. As a student of ANU, under the influence of his mentor Professor Radhika Menon, he refutes the genocide and fights for Azad Kashmir, discovering the truth only after his grandfather's death. The film is inspired by video interviews of first generation victims of the genocide.

कथासार | Synopsis

लास्ट फिल्म शो (छेल्लो शो) (Last Film Show (Chhello Show))

9 साल का समय, अपने परिवार के साथ भारत के दूरदराज के गांव में रहता है, वह पहली बार जब फ़िल्म देखता है और पूरी तरह से उसी में खो जाता है। अपने पिता की इच्छा के खिलाफ, वह रोज सिनेमाघर जाकर फ़िल्म देखने लगता है, बल्कि प्रोजेक्टर चलाने वाले से भी दोस्ती गांठ लेता है, जो उसे मुफ्त में फ़िल्म दिखाने लगता है। वह जल्दी इस नतीजे पर पहुंचता है कि कहानियां रोशनी बनती हैं, रोशनी फ़िल्म बनाती है, और फ़िल्म बेहतर सपने। समय और उसके दोस्त 35 एमएम फ़िल्म के प्रोजेक्शन को हासिल करने के लिए रोशनी को पकड़ने के लिए धरती आकाश एक कर देते हैं, लेकिन जल्दी ही उन्हें ऐसा विकल्प चुनने को मजबूर होना पड़ता है जिससे सब का दिल टूट जाता है ।

Samay, a 9-year-old boy living with his family in a remote village in India discovers films for the first time and is absolutely mesmerized. Against his father's wishes, he returns to the cinema hall day after day to watch more films, and even befriends the projectionist, who lets him watch movies for free. He quickly figures out that stories become light, light becomes films, and films become dreams. Samay and his friends move heaven and earth to catch and project light to achieve a 35mm film projection but soon are forced to make heartbreaking choices.

आर आर आर (RRR)

1920 के दशक में ब्रिटिश राज के दौरान, एक अत्याचारी प्रशासक स्कॉट बक्सटन और उसकी पत्नी कैथरीन गोंड जनजाति की एक प्रतिभाशाली कलाकार युवा लड़की मल्ली को जबरदस्ती अपने साथ ले जाते हैं। इससे क्रोधित होकर, जनजाति के संरक्षक कोमाराम भीम छिपते छिपाते ,उसे बचाने के लिए दिल्ली पहुंचता हैं। कैथरीन इससे निपटने के लिए भारतीय इंपीरियल पुलिस के एक महत्वाकांक्षी अधिकारी ए. रामा राजू की सहायता लेती है। और इस तरह एक एक्शन से भरपूर ऐतिहासिक–काल्पनिक ड्रामा शुरू होता है जहां अंत में दोनों अंग्रेजों से लड़ने के लिए एक साथ आते हैं।

Set in the 1920s during the British Raj, a tyrannical administrator Scott Buxton and his wife Catherine forcefully abduct Malli, a young girl with artistic talents from the Gond tribe. Enraged, the tribe's guardian Komaram Bheem embarks to Delhi to rescue her under a guise. Catherine enlists the assistance of A. Rama Raju, an ambitious officer in the Indian Imperial Police to tackle it. And thus starts an action-packed historical-fiction drama where finally they both come together to fight the British.

इरविन निज़ल (Iravin Nizhal)

एक अमीर फ़िल्म फाइनेंसर नंदू मीडिया और पुलिस से फरार है, क्योंकि वह एक आत्महत्या के सिलसिले में वांछित है जिसके लिए वह जिम्मेदार हो सकता है। अफवाहों में फंसकर, उसकी पत्नी और बच्चे उसे छोड़ देते हैं और उसके साथ रहने की कोई इच्छा नहीं होती। वह सब से दूर जाने की कोशिश करते हुए एक पुरानी जीर्ण–शीर्ण इमारत में जाता है, जिसे अदालत ने सील कर दिया है, जो उसे उसके अतीत में ले जाती है। जैसे ही वह अपने फोन पर एक वॉयस नोट रिकॉर्ड करना शुरू करता है, तो उसके अतीत की यादें ताजा हो जाती है जिसका उसके वर्तमान के साथ नाता है ।

Nandhu, a wealthy film financier is absconding from the media and the police, as he is wanted in connection with a suicide he may be responsible for. Falling to rumours, his wife and child leave him and he finds no will to stick around. While trying to get away from everything and everyone, he goes to an old dilapidated building, sealed by the court that is of some consequence to his past. As he starts recording a voice note on his phone, it takes him into a flashback about his past and its relationship with his present.

सरदार उधम (Sardar Udham)

जब जनरल डायर ने 13 अप्रैल 1919 को ब्रिटिश राज के खिलाफ जलियांवाला बाग में एक शांतिपूर्ण सभा में 20,000 निहत्थे लोगों पर 1650 राउंड गोलियां चलाकर खून खराबा कर दिया, तो इस घटना से 20 वर्षीय युवा उधम को गहरा आघात लगता और वह बदला लेने का संकल्प लेता है। फ़िल्म उधम सिंह की कहानी बताती है, जिन्होंने 21 साल बाद मार्च 1940 में लंदन में माइकल ओ डायर को गोली मारकर जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लिया था। अपने मकसद के साथ अकेले ही जूझते हुए, उन्होंने खुशी–खुशी अपने प्राणों की आहुति दे दी।

A young 20-year-old Udham was deeply scarred and resolved revenge when General Dyer created a blood bath on 13th April 1919 by opening 1650 rounds of fire on 20,000 unarmed people at a peaceful assembly at Jallianwala Bagh against the British Raj. The film narrates the story of Udham Singh who avenged the Jallianwala Bagh massacre 21 years later by shooting Michael O'Dwyer in London, in March 1940. With a single minded pursuit, he gladly sacrificed his life.

नायट्टु (Nayattu)

तीन पुलिस अधिकारी बेईमान कानून निर्माताओं के मोहरे बन जाते हैं जब उन्हें राजनीतिक चुनावों के बीच एक घटना में फंसाया जाता है और गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्हें भागना पड़ता है। यह राजनीतिक–संघर्ष –थ्रिलर फ़िल्म अहंकार के साथ–साथ पुलिस अधिकारियों की मानवता और बेबसी को भी सामने लाती है।

Three police officers become pawns for unscrupulous lawmakers when they are framed in an incident amid political elections and must flee to evade arrest. This political-survival-thriller film brings out shades of arrogance yet the humaneness and helplessness of police officers.

चविट्टू (Chavittu)

यह फ़िल्म, एक वृत्तचित्र और नाटकीयता के बीच, प्रतिभाशाली और मेहनती थिएटर कलाकारों की दुनिया की खोज करती है और इसे एक संभ्रांत समाज के पाखंड के साथ जोड़ती है। इसमें एक रंगमंच समूह को अपने नाटक का अभ्यास करते हुए दिखाया गया है। अपने प्रदर्शन के दिन, वे सुबह जल्दी कार्यक्रम स्थल पर पहुँचते हैं और शाम से पहले अपने अंतिम सुधार और मंच सेटिंग पूरी कर लेते हैं। लेकिन रेजिडेंस एसोसिएशन के लंबे थकाऊ वार्षिक दिवस समारोह के बाद ही, समूह को वास्तव में प्रदर्शन करने और अपना कार्य शुरू करने का मौका मिलता है।

कथासार | Synopsis

The film, between a documentary and dramatisation, explores the world of talented and hardworking theatre artists while juxtaposing it with the hypocrisy of an elite society. It shows a theatre group rehearsing their play. On the day of their performance, they reach the venue early in the morning and finish their final corrections and stage settings before evening. But only after a long tedious annual day celebration of the residence association, does the group actually get a chance to perform and begin their act.

झिल्ली (डिस्कार्ड्स) (Jhilli (Discards))

बोकुल, मजदूर परिवार की चौथी पीढ़ी से है जो कोलकाता के सबसे बड़े डंप यार्ड के बीच में एक हड्डी का चूरा बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता है। उसे अपने माहौल से जितना मिलता है वह उसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाता है और अपने जीवन को बोहतर बनाने की कोशिश में लगा रहता है। वह इस बात से अंजान है कि बाहर की दुनिया तेजी से बदल रही है और एक नए आर्थिक उछाल के लिए जगह बन रही है, जहां उसकी पूरी दुनिया एक मनोरंजक पार्क के लिए बेची जा रही है, जहां उसके दोस्त उसे कूड़े के ढेर में छोड़ रहे हैं।

Bokul, a fourth generation manual labourer works in a bone-crushing factory in the middle of Kolkata's largest dump yard. He makes the most that his environment offers, trying to make the best of his life. He is unaware that the world outside is changing fast and making space for a new economic boom where his entire world is being traded for a recreational park, where his friends are leaving him behind in the debris of discards.

कोंडा पोलम (Konda Polam)

सन्नापुरेड्डी वेंकट रामी रेड्डी की पुरस्कार विजेता पुस्तक 'कोंडा पोलम' पर आधारित फिल्म की कहानी एक बेरोजगार इंजीनियरिंग स्नातक रवींद्र यादव की है, जो आधुनिक वक्त के चरवाहों के एक समूह में शामिल हो कर एक सफर पर निकल पड़ता है, जिसमें हजारों भेड़ों को खतरनाक जंगल के रास्ते ग्रीष्मकालीन चरागाहों के लिए नल्लामाला पहाड़ी पर स्थित जंगलों के हैरान कर देने वाली एक जगह ले जाया जाता है, इस सफर में प्रकृति और संस्कृति, जानवरों और मनुष्यों, असुरक्षा और हिंसा का एक दूसरे से गहरा संबंध है। यह सफर उसकी खुद की खोज का सफर है जिसके जरिए रविन्द्र जिंदगी का वह जरूरी सबक सीखता है जो उसे प्यार और रोमांच की ओर ले जाते हैं ।

The film is based on the award- winning book, 'Konda Polam' by Sannapureddy Venkata Rami Reddy. It follows the story of Ravindra Yadav, a jobless engineering graduate who joins a group of modern-day shepherds as they lead thousands of sheep up into the stunning landscapes of Nallamala mountainous forests for green summer pastures through dangerous wilderness, in which nature and culture, animals and humans, vulnerability and violence are intimately meshed. Along the way, through his epic journey of self-discovery, Ravindra learns valuable life lessons that lead to love and adventure in his life.

अनुर (आइज़ ऑन दि सनशाइन) (Anur (Eyes on the Sunshine))

अपने दिवंगत पति की यादों को समटे हुए, अपने घर में अकेली रह रही एक विधवा, एक दिन अपने घर के आंगन में एक अंजान शख्स को धूप में बैठा हुआ पाती है। पहले पहल तो वह उस घुसपैठिए से घबरा जाती है, लेकिन बाद में उसके दमघोंटू अकेलेपन में वह शख्स एक ताजगी लेकर आता है। लेकिन कहानी बताती है कि, वह शख्स कितना भी पढ़ा लिखा और जागरुक क्यों ना हो, क्या अपने अकेलेपन से जूझती एक विधवा औरत के लिए, जो एक मां और दादी भी है, उस तक पहुंचना आसान होगा ?

One morning a widow, who lives alone in the house that holds memories of her late husband, finds a gentleman sunning himself on her lawn. Initially fearful of the trespasser, it becomes a welcome intrusion in her claustrophobic loneliness. But however high the education, integrity and social status of the man be, it explores if a woman who is a widow, a mother and a grandmother is allowed to reach out for him to break free from her suffocating lonely widowhood?

होम (Home)

ओलिवर ट्विस्ट एक अधेड़ उम्र का शख्स है जिसकी नई तकनीक से दोस्ती नहीं है, वह एक स्मार्टफोन के माध्यम से अपने दो बेटों के साथ एक सार्थक संबंध स्थापित करने की कड़ी कोशिश करता है। हालाँकि, जब वह बुरी तरह विफल हो जाता है, तो वह उनके साथ जुड़ने के लिए अन्य तरीकों की तलाश करने लगता है।

Oliver Twist is a technologically-challenged middle-aged man who tries hard to establish a meaningful connection with his two sons through a smartphone. However, when that fails miserably, he desperately looks for other ways to bond with them

कडैसी विवसयी (दि लास्ट फार्मर) (Kadaisi Vivasayi (The Last Farmer))

80 साल का मायान्दी, तमिलनाडु के दूरदराज में बसे गांव का किसान है, जो अपने पैतृक खेती, पशुओं और मुर्गी पालन से के साथ संतुष्ट जीवन जी रहा है । उस सूखाग्रस्त गांव में जहां हर कोई खेती छोड़ चुका है, कुछ रियल एस्टेट वाले उसकी जमीन हड़पना चाहते हैं लेकिन वह उसे विचलित नहीं कर पाते हैं। एक दिन उसे अपनी जमीन पर तीन मरे हुए मोर मिलते हैं, वह उनका अंतिम संस्कार करने का फैसला करता है। लेकिन एक पुलिसवाला उस पर राष्ट्रीय पक्षी को दफ्नाने का आरोप लगाता है, और उसे अदालत में पेश करता है। हालांकि न्यायधीश को उसकी बेगुनाही पर यकीन है लेकिन फिर भी वह उसे सजा देने के लिए मजबूर है।

Maayandi, an octogenarian farmer in a remote village in Tamil Nadu, leads a content life tending to his ancestral farmland, cattle, and poultry. In his drought-ridden village where everyone else has given up farming, he is undaunted by real-estate developers trying to usurp his land. One day he finds three dead peacocks on his property and decides to bury them. A policeman soon charges him for the offence of burying the national bird, and produces him before court. Though convinced of his innocence, the magistrate is duty-bound to sentence him to prison time.





राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार 2021
NATIONAL FILM AWARDS 2021

35 मि.मि. या बड़े गेज या डिजिटल प्रारूप में बनी किन्तु फ़िल्म प्रारूप अथवा वीडियो/डिज़िटल प्रारूप में जारी किसी भी भारतीय भाषा में बनी और केन्द्रीय फ़िल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा वृत्त–चित्र/न्यूजरील/ गैर–कथाचित्र/लघु कल्पित के रूप में प्रमाणीकृत फ़िल्म ग़ैर फ़ीचर फ़िल्म वर्ग के लिए पात्र है।

Films made in any Indian language, shot on 35 mm or in a wider gauge or digital format but released on either film format or Video/Digital format and certified by the Central Board of Film Certification as a Documentary/Newsreel/ Non-Fiction/Short Fiction are eligible for non-feature film section.

गैर–फ़ीचर फ़िल्में | एक नज़र में



- **एक था गाँव (गढ़वाली एवं हिन्दी)**
  सर्वश्रेष्ठ गैर–फ़ीचर फ़िल्म
  सर्वश्रेष्ठ संगीत आलेखन
  Ek Tha Gaon (Garhwali & Hindi)
  Best Non-Feature Film
  Best Audiography

- **पांचिका (गुजराती)**
  निर्देशक की पहली सर्वश्रेष्ठ गैर फ़ीचर फ़िल्म
  Paanchika (Gujarati)
  Best Debut Non-Feature Film of a Director

- **फायर ऑन एज (तिवा)**
  सर्वश्रेष्ठ मानवशास्त्रीय फ़िल्म
  Fire on Edge (Tiwa)
  Best Anthropological

- **रुखु मातिर दुखु मांझी (बांग्ला)**
  सर्वश्रेष्ठ जीवनी फ़िल्म
  Rukhu Matir Dukhu Majhi (Bengali)
  Best Biographical Film

- **बियॉन्ड ब्लास्ट (मणिपुरी)**
  सर्वश्रेष्ठ जीवनी फ़िल्म
  Beyond Blast (Manipuri)
  Best Biographical Film

- **टी.एन. कृष्णन स्ट्रिंग्स बो टू डिवाइन (अंग्रेजी)**
  सर्वश्रेष्ठ कला एवं सांस्कृतिक फ़िल्म
  T. N. Krishnan: Strings Bow to Divine (English)
  Best Arts and Cultural Film

- **एथोस ऑफ डार्कनेस (अंग्रेजी)**
  सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक एवं तकनीकी फ़िल्म
  Ethos of Darkness (English)
  Best Science & Technology Film

- **एंडेन्जर्ड हेरिटेज 'वर्ली आर्ट'**
  सर्वश्रेष्ठ प्रोत्साहन देने वाली फ़िल्म
  Endangered Heritage 'Warli Art' (English)
  Best Promotional Film

- **मुन्नम वलावु (मलयालम)**
  सर्वश्रेष्ठ पर्यावरण फ़िल्म
  Munnam Valavu (Malayalam)
  Best Environment Film Including Agriculture

- **मिठू दी (अंग्रेजी)**
  सामाजिक मुद्दों पर सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म
  Mithu Di (English)
  Best Film on Social Issues

- **थ्री टू वन (मराठी – हिंदी)**
  सामाजिक मुद्दों पर सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म
  Three Two One (Marathi & Hindi)
  Best Film on Social Issues

- **सिरपिगलिन सिरपंगल (तमिल)**
  सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक फ़िल्म
  Sirpigalin Sirpangal (Tamil)
  Best Educational Film

- **लुकिंग फॉर चलान (अंग्रेजी)**
  सर्वश्रेष्ठ खोजी फ़िल्म
  Looking for Challan (English)
  Best Investigative Film

- **कंदित्तुंडु (मलयालम)**
  सर्वश्रेष्ठ एनीमेशन फ़िल्म
  Kandittundu (Malayalam)
  Best Animation Film

- **रेखा (मराठी)**
  निर्णायक मंडल का विशेष पुरस्कार
  Rekha (Marathi)
  Special Jury Award

NON - FEATURE FILMS | AT A GLANCE

- **दाल भात (गुजराती)**
  सर्वश्रेष्ठ लघु कल्पित फ़िल्म
  Dal Bhat (Gujarati)
  Best Short Fiction Film

- **चंद सांसे (हिंदी)**
  पारिवारिक मूल्यों पर सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म
  Chand Saanse (Hindi)
  Best Film on Family Values

- **स्माइल प्लीज (हिंदी)**
  सर्वश्रेष्ठ निर्देशन
  Smile Please (Hindi)
  Best Direction

- **पाताल–टी (भोटिया)**
  सर्वश्रेष्ठ छायांकन
  Pataal-Tee(Bhotiya)
  Best Cinematography

- **मीन राग (राजस्थानी)**
  सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन साउंड रिकॉर्डिस्ट (लोकेशन/सिंक साउंड)
  Meen Rang (Rajasthani)
  Best Production Sound Recordist (Location/Sync Sound)

- **इफ मेमोरी सर्व्स मी राइट (अंग्रेजी)**
  सर्वश्रेष्ठ संपादन
  If Memory Serves Me Right (English)
  Best Editing

- **सकुलेंट (हिंदी – मराठी)**
  सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन
  Succulent (Hindi & Marathi)
  Best Music Direction

- **हाती बंधु (अंग्रेजी)**
  सर्वश्रेष्ठ प्रकथन/वॉइस ओवर
  Hatibondhu (English)
  Best Narration/Voice Over

- **बाले बंगारा (कन्नड़)**
  विशेष उल्लेख
  Baale Bangara (Kannada)
  Special Mention

- **करुवरई (तमिल)**
  विशेष उल्लेख
  Karuvarai (Tamil)
  Special Mention

- **दी हीलिंग टच (उड़िया)**
  विशेष उल्लेख
  The Healing Touch (Odia)
  Special Mention

- **एक दुआ (हिंदी)**
  विशेष उल्लेख
  Ek Duaa (Hindi)
  Special Mention

एक था गांव

सर्वश्रेष्ठ गैर फ़ीचर फ़िल्म

Ek Tha Gaon
Best Non-Feature Film



स्वर्ण कमल | SWARNA KAMAL ₹ 1,50,000/-

Garhwali & Hindi | **60 Min** | **Director & Producer:** Srishti Lakhera | **DOP:** Amith Surendran & Kai Tillman **Music:** Jerad Sagar | **Editor:** Bhamati Sivapalan | **Re-Recordist (Final mixed track):** Krishnanunni N R

कथासार - हिमालय की तलहटी में सेमला,जिसे भूतों का गांव भी कहते हैं। 80 साल की लीला और 19 साल की गोलू, यहां पर बचे सात लोगों में से दो हैं। सालों से जलवायु परिवर्तन और घटती संभावनाओं की वजह से, जो 50 परिवार कभी वहां रहते थे, वे भी शहर में पलायन कर गए हैं। अपने गाँव की तरह, लीला बूढ़ी होने के बावजूद उसने गाँव छोड़ने से इनकार कर दिया। गोलू भागने को बेताब है लेकिन उसके पास भागने का कोई साधन नहीं है। दो महिलाएं इस फैसले को लेकर उहापोह में हैं कि एक एकांत गांव में रहना जारी रखें या उस शहरी जीवन का रुख करें जो उनसे पूरी तरह अलग है।

Synopsis - In the Himalayan foothills, Leela, an 80-year-old woman and Golu, a 19-year-old girl are two of the seven remaining inhabitants of Semla, a ghost village. With years of climate change and dwindling prospects, the 50 families that once lived there abandoned it to migrate to the city. Like her village, Leela is old, resilient and forgotten but refuses to leave despite struggles with an ageing body. Golu is desperate to escape but doesn't have the means to. The two women struggle with a choice, to leave for an alienating city life or continue living in a lonely village.

परिचय | PROFILE

सृष्टि लखेड़ा (Srishti Lakhera)

सृष्टि लखेड़ा एक पुरस्कार विजेता वृत्तचित्र फिल्म निर्माता और एक मीडिया प्रशिक्षक हैं। इन्होंने अंतरराष्ट्रीय संगठनों, सरकारी निकायों, टेलीविजन के लिए फिल्मों का निर्माण किया है और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए फिल्म निर्माण कार्यशालाएं आयोजित करने के लिए कई जमीनी स्तर के संगठनों से जुड़ी हुई हैं। इनका पहला फीचर वृत्तिचित्र 'एक था गांव' (वंस अपॉन ए विलेज) ने सर्वश्रेष्ठ गैर–फीचर फिल्म के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता और मामी फिल्म फेस्टिवल की इंडिया गोल्ड श्रेणी में जगह बनाई।

Srishti Lakhera is an award winning documentary filmmaker and a media trainer. She has produced films for international organizations, government bodies, television and has been associated with several grassroots organisations to conduct filmmaking workshops for marginalised communities. Her debut feature documentary 'Ek Tha Gaon' (Once Upon a Village) won the prestigious National Film Award for Best Non-Feature Film and made it to the India Gold Category of the MAMI Film Festival.

प्रशस्ति – यह फिल्म एक बुजुर्ग होते ग्रामीण के मन में जलवायु परिवर्तन को लेकर वैश्विक चिंताओं, शहरी प्रवास और अकेलेपन से मची हलचल का संवदेनशील चित्रण है।

Citation - The film is a tender portrayal of an ageing villager resonating deeply with global concerns of climate change, urban migration and loneliness.

पांचिका

निर्देशक की पहली सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म

Paanchika
Best Debut of A Director

रजत कमल | RAJAT KAMAL ₹ 75,000/-

Gujarati | 14 Min | Director: Ankit Kothari | **Producer:** Shreya Kapadia | **DOP:** Kuldeep Mamania | **Editor:** Manan Bhatt & Ankit Kothari | **On Location Sound:** Urmil Pandya | **Re-Recordist (Final mixed track):** Pritam Das | **Production Design:** Shreya Kapadia

कथासार - सात साल की मिरी अपने पिता को दोपहर को खाना देने के लिए नमक के पहाड़ों से भरे रेगिस्तान के सफर पर जाती है। सुबा, एक जात बाहर शख्स है जो एक दूरी से उसके पीछे चलती है। क्योंकि वह दोनों साथ नहीं रह सकते। उनकी दोस्ती के सामने उनकी जाति का बंधन सबसे बड़ी चुनौती है। यहां तक कि आज भी, सामाजिक मानदंड समाज की अंत:क्रिया को निर्देशित करते हैं। और पांचिका एक मार्मिक कहानी है जो बताती है कि किस तरह मिरी और सुबा समाज की जटिलताओं से पार पाते हैं।

